डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 11.11.2024 से 17.11.2024

▶ वर्ष-41 ▶ अंक-46 ▶ मूल्य ₹ 10.00

## संक्षिप्त खबर

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का माना आभार

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 2024-25 में 'वेज एंड मीन्स' एडवांस को इक्विटी में परिवर्तित कर भारतीय खाद निगम में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी डालने को मंजूरी देने पर आभार माना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए दृढ़ प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री श्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा किसान-कल्याण के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिया जाना अभिनंदनीय- वंदनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये निर्णय एक ओर कृषि क्षेत्र को सशक्त करेगा, वहीं किसानों के कल्याण के लिए नए युग की नींव रखेगा। मुख्यमंत्री ने किसान सम्मान निधि, सस्ते खाद, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा और श्रीअन्न जैसे किसान समृद्धि के विभिन्न निर्णयों के क्रम में इस सौगात के लिए प्रदेश के समस्त किसानों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई निवेश संवर्धन पर मंत्रिपरिषद समिति की बैठक

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई निवेश संवर्धन पर मंत्रिपरिषद समिति की बैठक में मेगा स्तर की औद्योगिक इकाइयों के 10 प्रकरणों को कस्टमाइज्ड पैकेज के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई। उक्त परियोजनाओं में लगभग 2100 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश की संभावना है। प्रस्तावित परियोजनाओं से करीब 6200 व्यक्तियों को सीधे रोज़गार प्राप्त होने का अनुमान है। बैठक में बताया गया कि उपरोक्त परियोजनाओं में लगभग 2100 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश आयेगा। प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न मदों जैसे कम दरों पर बिजली, पूंजीगत अनुदान, रोज़गार सृजन अनुदान एवं प्रशिक्षण के लिये प्रोत्साहन अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पर्यवेक्षण समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन ने सिंहस्थ वर्ष-2028 के अंतर्गत मंत्रिपरिषद समिति के निर्देशों का पालन, मंत्रिपरिषद समिति के समक्ष रखे जाने वाले समस्त नीतिगत प्रकरणों का परीक्षण कार्य तथा विभिन्न विभागों की सिंहस्थ मद कार्य योजना की समीक्षा करने के लिए पर्यवेक्षण समिति का गठन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में किया है। समिति में अपर मुख्य सचिव, गृह, ऊर्जा, लोक निर्माण, जल संसाधन, परिवहन, प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, राजस्व, वित्त, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, संस्कृति एवं पर्यटन सदस्य होंगे। प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास समिति के सदस्य सचिव होंगे।

### भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

# इंदौर, उज्जैन, रीवा सहित अन्य जिलों में आईटी पार्क की संभावनाओं को साकार कर पीपीपी मोड पर किया जाये निर्माण - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** शासकीय विभाग जन-कल्याण के लिए ड्रोन तकनीक के अधिक उपयोग के लिए प्रयास बढ़ाएं, अवैध वृक्ष कटाई, अवैध खनिज उत्खनन, सघन बस्तियों में पुलिस पेट्रोलिंग में ड्रोन टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाया जाए। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में आयोजित विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन क्षेत्रों में शिकार की घटनाएं भी ड्रोन तकनीक से ज्ञात कर अपराधियों को दंडित करने में उपयोग किया जाए। मैपकास्ट के साथ क्रिस्प और इस तरह की अन्य संस्थाएं समान स्वरूप की गतिविधियों का संयुक्त रूप से समन्वय पूर्वक संचालन करें। मुख्यमंत्री ने विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों और संचालित प्रकल्पों से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिए।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए

### पीपीपी मोड पर बनें आईटी पार्क

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पीपीपी मोड से आईटी पार्क का निर्माण किया जाये। इंदौर, उज्जैन और रीवा में आईटी पार्क की संभावनाओं को साकार किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी आईटी प्रोजेक्ट्स के कार्यों की सीमा तय करें। मुख्यमंत्री ने नर्मदा नदी के तटीय क्षेत्रों, फसलों की रक्षा और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए नवीन टेक्नोलॉजी का प्रभावी उपयोग करने पर जोर दिया।

- साइबर सुरक्षा के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई जाये।
- सिंहस्थ-2028: आईटी प्रोजेक्ट्स की जिम्मेदारी एमपीएसईडीसी को सौंपे।
- छः पुराने शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय आईआईटी की तर्ज पर हो विकसित।
- सभी विभागों का इंटीग्रेटेड सिंगल विंडो सिस्टम डेवलप किया जाए।

### आईआईटी इंदौर से जुड़े वेधशाला

मुख्यमंत्री ने उज्जैन की डोंगला वेधशाला को आईआईटी इंदौर के साथ जुड़कर रिसर्च एवं डेवलपमेंट पाठ्यक्रम विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उज्जैन प्लेनेटोरियम में टॉपर विद्यार्थियों का प्राथमिकता के आधार पर भ्रमण प्लान तैयार करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीनविच टाइम्स को जैसी मान्यता प्राप्त है, उस तरह उज्जैन के भौगोलिक महत्व और श्री जनार्दन नेगी जैसे वैज्ञानिकों के अनुसंधान के प्रकाश में विश्व स्तर पर उज्जैन को विशेष केंद्र के रूप में पहचान मिलना चाहिए।

## नर्मदापुरम में सात दिसंबर को होगा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रिपरिषद की बैठक से पहले हुए परिषद के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के प्रयास के रूप में राज्य शासन द्वारा गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। अपनी संस्कृति के प्रति संवेदनशीलता को प्रकट करते हुए इस नवाचार की सभी ओर सराहना हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौवंश के प्रति प्रेम को प्रदर्शित करने वाले इस पर्व से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि रीवा में हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव उत्साहवर्धक रही है। उद्योगपतियों और निवेशकों ने प्रदेश में गतिविधियों के संचालन में रुचि प्रदर्शित की है। रीवा में 31 हजार करोड़ के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए और लगभग 28 हजार रोज़गार के अवसर सृजित हुए।

INVEST MADHYA PRADESH
REGIONAL INDUSTRY CONCLAVE

मुख्यमंत्री ने बताया कि अगली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आगामी 7 दिसंबर 2024 को नर्मदापुरम में होगी।

### चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नीमच, मंदसौर और सिवनी मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण किया गया। धन्वंतरि जयंती पर हुए कार्यक्रम में 512 आयुर्वेदिक चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। चिकित्सा क्षेत्र में प्रदेश को मिली इन सौगातों ने धन्वंतरि जयंती को अविस्मरणीय बना दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ 12 नवम्बर को अखिल भारतीय कालिदास समारोह का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जंगली जानवरों द्वारा जनहानि पर सहायता राशि को 8 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये किया गया है। हाथियों के दलों के आवागमन संबंधी पूर्व सूचना के आदान-प्रदान, आवश्यक सतर्कता और सावधानियां बरतने तथा उनके प्रबंधन के संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार से बातचीत की गई है। प्रयास है कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि उमरिया और बांधवगढ़ के वन क्षेत्र में लगभग एक सौ से अधिक हाथी स्थाई रूप से बस गए हैं। उनके प्रबंधन के लिए हाथी मित्र योजना लागू करने, टास्क फोर्स बनाने सहित मानक परिचालन निर्देश लागू किए जाएंगे।

### प्रदेश में 22 सीएम राइज़ स्कूल भवन पूर्णता की ओर

**भोपाल,** प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुशंसा के अनुरूप कॉम्प्लेक्स विद्यालय तैयार करने की दृष्टि से सीएम राइज़ स्कूल योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना में शासकीय स्कूलों में सर्व-सुविधा सम्पन्न वातावरण के साथ विद्यार्थियों को रोचक एवं आनंददायक शिक्षा प्रदान की जा रही है। प्रदेश में यह योजना 2 चरणों में क्रियान्वित की जा रही है। पहले चरण में वर्ष 2021 से 2024 में 274 सीएम राइज़ स्कूल का संचालन शुरू किया गया था। प्रदेश में पहले चरण में स्वीकृत 274 सीएम राइज़ स्कूलों में से 22 स्कूल भवनों का निर्माण पूर्णता की ओर है। वर्तमान में सीएम राइज़ स्कूलों में 4 लाख 75 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

## विजन डॉक्यूमेंट भविष्य की आवश्यकताओं के मद्देनजर होगा तैयार - श्री सुब्रमण्यम

**भोपाल,** विकसित मध्यप्रदेश@2047 विजन डॉक्यूमेंट किक-स्टार्ट मीटिंग भोपाल में संपन्न हुई। इस बैठक में उपस्थित नीति आयोग के सीईओ श्री बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने कहा कि यह विजन डॉक्यूमेंट भविष्य की आवश्यकताओं और चुनौतियों को दृष्टिगत रखते हुए सावधानीपूर्वक तैयार किया जायेगा। बैठक में उपस्थित मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि किक-स्टार्ट मीटिंग मध्यप्रदेश के विकास का ठोस रोडमैप तैयार करने में महत्वपूर्ण होगी। मध्यप्रदेश के विकास के लिये तैयार किये जाने वाले रोडमैप के मद्देनजर हुई बैठक में बताया गया कि अगले पाँच वर्षों में मध्यप्रदेश की जीडीपी 27.2 लाख करोड़ रुपये और 2047 तक इसे 250 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य सचिव ने कहा कि मध्यप्रदेश को 2047 तक आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक उन्नति का एक आदर्श राज्य बनाना है। प्रत्येक नागरिक को रोज़गार, स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन की उच्च गुणवत्ता की सुविधा मिलेगी। मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर और विकसित प्रदेश बनेगा।




### विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का आह्वान

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 के स्वतंत्रता दिवस भाषण के दौरान वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का आह्वान किया था। इसके तहत नीति आयोग के सहयोग से मध्यप्रदेश ने "विकसित मध्यप्रदेश@2047" विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

### नीति आयोग का दृष्टिकोण

नीति आयोग के सीईओ श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि मध्यप्रदेश से उनका गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। उन्होंने विजन डॉक्यूमेंट को भविष्य की जरूरतों और चुनौतियों के मद्देनजर सावधानीपूर्वक तैयार करने पर जोर दिया। श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि दस्तावेज को केवल वर्तमान आवश्यकताओं का संग्रह न बनाकर भविष्य की चुनौतियों और अवसरों का अनुमान लगाते हुए पांच-पांच वर्ष की योजना में विभाजित किया जाए।

### राज्य सरकार का प्रयास

मुख्य सचिव श्री जैन ने राज्य की प्राथमिकताओं और चुनौतियों पर चर्चा करते हुए बताया कि विजन डॉक्यूमेंट का निर्माण सिर्फ एक दस्तावेज नहीं होगा, बल्कि इसमें मध्यप्रदेश के विकास का एक ठोस रोडमैप तैयार किया जाएगा। श्री जैन ने कहा कि अधिकारियों को गहन अध्ययन और राज्य के विभिन्न हितधारकों से संवाद कर विजन को जमीनी स्तर पर लागू करने की दिशा में जी-जान से कार्य करना होगा।




## 2 नवम्बर

### लेह में शुरू हुआ भारत का पहला एनालॉग अंतरिक्ष मिशन

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने लद्दाख के लेह में पहले एनालॉग



स्पेस मिशन की शुरुआत की है। मिशन में दूसरे ग्रह की स्थितियां तैयार होंगी। यहां अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, इसके जरिए इसरो चांद और मंगल पर बेस स्टेशन में आने वाली चुनौतियों से निपटने की तैयारियां परखेगा।

● अमेरिका ने भारत की 19 कंपनियों समेत रूस, चीन, मलेशिया, थाईलैंड, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात जैसे एक दर्जन से अधिक देशों की 398 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका का आरोप है कि ये कंपनियां फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से रूस को साजो-सामान उपलब्ध करवा रही हैं और रूस इनका इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में कर रहा है। इनमें से ज्यादातर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सप्लायर हैं। वहीं कुछ विमान के पुर्जे और मशीन टूल्स आदि सप्लाई करती हैं। अमेरिका का कहना है कि इन प्रतिबंधों का मकसद रूस युद्ध के प्रयासों में मदद को रोकना है।

## 3 नवम्बर

### अब कक्षा 10वीं के बाद सीधे बीएएमएस में मिलेगा प्रवेश

● आयुर्वेद चिकित्सा में स्नातक (बीएएमएस) पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए अब कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता नहीं रहेगी। कक्षा 10वीं




उत्तीर्ण करने के बाद भी इसमें प्रवेश लिया जा सकता है। इसके लिए अलग से नीट यूजी परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस पाठ्यक्रम के लिए हर राज्य में एक से दो संस्थान होंगे। ये संस्थान आयुर्वेद गुरुकुलम के नाम से जाने जाएंगे। पाठ्यक्रम, प्रवेश प्रक्रिया और अन्य मापदंड निर्धारित कर दिए गए हैं। इसके तहत साढ़े सात वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम में प्रारंभिक दो वर्ष प्री-आयुर्वेद व साढ़े चार वर्ष का बीएएमएस के साथ एक वर्ष की अनिवार्य इंटर्नशिप होगी।

● सरकार ने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त करने और भारत के कृषि क्षेत्र को उन्नत बनाने के उद्देश्य से 'नमो ड्रोन दीदी' योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, सरकार ने 1,261 करोड़ रुपये का निवेश करते हुए वर्ष 2026 तक महिला स्वयं सहायता समूहों को 14,500 ड्रोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित यह योजना फसलों के बेहतर प्रबंधन और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए स्थायी आय सृजन के अवसर पैदा करने के लिए है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक चयनित स्वयं सहायता समूह को कृषि सेवाओं के लिए ड्रोन पैकेज उपलब्ध कराया जाएगा।

## 4 नवम्बर

### चैटजीपीटी ने लॉन्च किया सर्च इंजन

● चैटजीपीटी ने अपना सर्च इंजन लॉन्च किया। ओपनएआई ने बताया कि गूगल सर्च की तरह ही चैटजीपीटी पर सर्च कर सकेंगे। कंपनी ने बताया कि चैटजीपीटी सर्च इंजन में थर्ड पार्टी सर्च प्रोवाइडर के अलावा हमारे कॉन्ट्रिब्यूटर्स की ओर से शेयर किया कंटेंट भी इस्तेमाल किया जाएगा। इस तरह यूजर को अलग-अलग विषयों से जुड़ी सटीक जानकारी मिल जाएगी और वे जरूरत का कंटेंट शेयर कर सकेंगे। शुरू में सर्च इंजन का एक्सेस सभी चैटजीपीटी प्लस और टीम यूजर्स को मिलेगा और कुछ सप्ताह में इसका एक्सेस इंटरप्राइज तथा एजुकेशन कस्टमर को भी दिया जाएगा।

● वाट्सऐप ने भारत में नीतियों का उल्लंघन सामने आने पर सितंबर में 85 लाख से अधिक खातों पर प्रतिबंध लगा दिया। नए आईटी नियम 2021 के तहत इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म की मासिक अनुपालन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। एक से 30 सितंबर के बीच कंपनी ने 85 लाख से अधिक खातों पर प्रतिबंध लगा दिया। उपयोगकर्ताओं की किसी भी रिपोर्ट से पहले इनमें से 16 लाख से अधिक खातों पर सक्रिय रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया। उल्लेखनीय है कि मोबाइल मैसेजिंग प्लेटफार्म के भारत में 60 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं।

● राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली चीन की सरकार ने नौ देशों स्लोवाकिया, डेनमार्क, आइसलैंड, अंडोरा, मोनाको, द. कोरिया, नॉर्वे, फिनलैंड और लिकटेंस्टीन के नागरिकों को बड़ी सौगात दी है। इनके नागरिक अब चीन में वीजा फ्री प्रवेश करेंगे। यह छूट 31 दिसंबर 2025 तक मिलेगी।

## 5 नवम्बर

### आईआईटी कानपुर में अब ओलिंपियाड से भी होगा दाखिला

● आईआईटी कानपुर शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बीटेक और बीएस कोर्स में छात्रों को ओलिंपियाड के जरिए दाखिला देगा। इन छात्रों को आईआईटी-जेईई पास होने की जरूरत नहीं रहेगी। पांचों विभाग फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, मैथेमेटिक्स और इंफोर्मेटिक्स ओलिंपियाड रैंकिंग के आधार पर छात्रों को चुनेंगे। चयनित छात्रों को लिखित परीक्षा और इंटरव्यू से गुजरना होगा। ओलिंपियाड के जरिए दाखिले के लिए मार्च के पहले से चौथे सप्ताह के दौरान आवेदन कर सकेंगे। अप्रैल के तीसरे हफ्ते में एक कमेटी उच्चतम रैंक वाले छात्रों की सूची तैयार करेगी। मई के पहले हफ्ते में लिखित परीक्षा होगी। ज्वाइंट सीट एलॉटमेंट अथॉरिटी की काउंसलिंग के पहले राउंड से पहले दाखिले की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

● पासपोर्ट बनवाने के लिए नकली वेबसाइट की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए विदेश मंत्रालय द्वारा एक एडवाइजरी जारी की गई। इसमें कहा गया है कि नकली वेबसाइट के जरिए कुछ मोबाइल एप्लीकेशंस के माध्यम से लोगों के पासपोर्ट डाटा का दुरुपयोग कर लिया जाता है। साथ ही लोगों को ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने, अपॉइंटमेंट दिलाने के नाम पर भी पैसा ठग लिया जाता है। इसलिए विदेश मंत्रालय ने लोगों को फर्जी वेबसाइट से सतर्क रहने की सलाह दी है। मंत्रालय के अनुसार www.passportindia.gov.in वास्तविक वेबसाइट और लिंक है।

## 6 नवम्बर

### छात्र अब जेईई एडवांस्ड के तीन अटैम्प्ट दे पाएंगे

● अब छात्रों को जेईई एडवांस्ड के लिए तीन अटैम्प्ट दिए जाएंगे। जेईई एडवांस्ड-2025 की वेबसाइट जारी कर दी गई है। इस बार जेईई एडवांस्ड परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी आईआईटी कानपुर को सौंपी गई है। अब तक छात्रों के पास दो ही अवसर थे। इससे एडवांस्ड देने वाले छात्रों की संख्या और कॉम्पिटिशन दोनों ही बढ़ जाएगा। इसके चलते जेईई मेन्स के आधार पर 2.50 लाख स्टूडेंट्स एडवांस्ड देंगे। इसमें दस प्रतिशत जनरल-ईडब्ल्यूएस, 27 प्रतिशत ओबीसी-एनसीएल, 15 प्रतिशत एससी, 7.5 प्रतिशत एसटी और 40.5 प्रतिशत ओपन कैटेगिरी की सीट्स होंगी।

● सूर्य के रहस्यों को जानने के लिए भारत अगले महीने श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन को लांच करेगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि सूर्य का अध्ययन करने के लिए भेजे जाने वाले प्रोबा-3 मिशन के दो उपग्रहों को इसरो के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के साथ एकीकरण के लिए श्रीहरिकोटा लाया गया। श्री सिंह ने 'इंडियन स्पेस एसोसिएशन' द्वारा आयोजित भारतीय अंतरिक्ष कॉन्क्लेव में कहा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का प्रोबा-3 मिशन दिसंबर के पहले सप्ताह में श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया जाएगा। इस मिशन के चार दिसंबर को प्रक्षेपित किये जाने की संभावना है।

● अब टैक्स अधिकारी करदाता के देय ब्याज को माफ या कम कर सकेंगे। आयकर विभाग ने कुछ शर्तों के साथ इसकी अनुमति दे दी है। मौजूदा नियमों के अनुसार, भुगतान करने में देरी की अवधि के लिए एक प्रतिशत प्रति माह की दर से ब्याज का भुगतान करना पड़ता है। वहीं, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) से जारी सर्कुलर के अनुसार प्रधान मुख्य आयुक्त रैंक के अधिकारी 1.5 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया ब्याज को कम करने या माफ करने का फैसला ले सकते हैं। 50 लाख से 1.5 करोड़ रुपये तक के बकाया ब्याज के लिए मुख्य आयुक्त रैंक के अधिकारी छूट/कटौती का फैसला करेंगे।

## 7 नवम्बर

### केन्द्रीय कैबिनेट ने पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को दी स्वीकृति

● मेधावी छात्र अब पैसों की कमी की वजह से उच्च शिक्षा से वंचित नहीं रहेंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ऐसे विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता मुहैया कराने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों में दाखिला लेने वाला कोई भी विद्यार्थी पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन शुल्क और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से बिना कुछ गिरवी रखे या गारंटर के कर्ज ले सकता है। देश के 860 उच्च शिक्षण संस्थानों (क्यूएचईआई) में 22 लाख छात्र इस योजना के दायरे में आएंगे। छात्र 7.5 लाख रुपये तक के कर्ज के लिए बकाया डिफॉल्ट के 75 प्रतिशत की क्रेडिट गारंटी के भी पात्र होंगे। जिन विद्यार्थियों की वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपये तक है और वे किसी अन्य सरकारी छात्रवृत्ति या ब्याज छूट योजनाओं के तहत लाभ के पात्र नहीं हैं, उन्हें 10 लाख रुपये तक के कर्ज पर तीन प्रतिशत की ब्याज छूट भी दी जाएगी। सरकारी संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को प्राथमिकता मिलेगी।

● देश में अब कार के ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) पर हल्के ट्रांसपोर्ट वाहन चला सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) लाइसेंस धारक भी 7500 किलो तक के व्यावसायिक वाहनों को चला सकते हैं। चीफ जस्टिस श्री डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस श्री ऋषिकेश रॉय, जस्टिस श्री पीएस नरसिम्हा, जस्टिस श्री पंकज मित्तल और जस्टिस श्री मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने 76 याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया।

● लद्दाख के चुनौतीपूर्ण भूभाग के बावजूद रणनीतिक रूप से अहम गलवान और दौलत बेग ओल्डी तक 4जी मोबाइल नेटवर्क पहुंच गया है। इससे चीन सीमा के करीब सैन्य चौकियों तक संपर्क आसान हो जाएगा। निजी टेलीकॉम कंपनी एयरटेल ने बताया कि यहां 16,700 फुट की ऊंचाई पर टावर लगाए गए हैं।

## 8 नवम्बर

### कनाडा अब 10 साल का विजिटर वीसा नहीं देगा

● कनाडा जाने वाले भारतीयों को अब दस साल का ऑटोमैटिक मल्टीपल एंट्री वीसा नहीं मिलेगा। नए नियमों के अनुसार अब कनाडा के इमिग्रेशन अधिकारी मल्टीपल या सिंगल एंट्री विजिटर वीसा की अवधि निर्धारित करेंगे। ये अवधि एक बार में अधिकतम छह महीने के लिए होगी। अब तक भारत से कनाडा जाने वालों को दस साल या पासपोर्ट समाप्ति की अवधि तक के लिए ऑटोमैटिक मल्टीपल एंट्री वीसा जारी होता रहा है। हर साल भारत से लगभग सात लाख विजिटर वीसा पर कनाडा जाते हैं।

● भारत की वर्तमान जलवायु नीतियों से वर्ष 2020 और वर्ष 2030 के बीच कार्बन डाईऑक्साइड (सीओटू) उत्सर्जन में लगभग चार अरब टन की कमी आने तथा कोयला आधारित बिजली उत्पादन में 24 प्रतिशत की कमी आने का अनुमान है। दिल्ली स्थित स्वतंत्र विचारक संस्था 'काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर' (सीईईडब्ल्यू) की नयी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट के अनुसार, अकेले बिजली क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने वाली नीतियों के कारण वर्ष 2030 तक कोयला आधारित बिजली उत्पादन में 24 प्रतिशत की गिरावट आने की उम्मीद है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

आजाद पी 3 एकेडमी इंदौर
MPPSC PRE
75 DAYS CRUSH COURSE
11 NOV' 24 (Monday)
OFFLINE FEE 7500 | ONLINE FEE 2500
REGULAR LIVE CLASSES
TEST SERIES
HARD COPY NOTES
2 DAYS DEMO
CALL NOW 82696-95422
TEST SERIES START
MPPSC PRE 15 NOV' 24
OFFLINE FEE 799 | ONLINE FEE 199
(25 PAPER)
0731-4966653 / 54, 70244-86260
R-50248/2024

ICON EDUCATION SOCIETY
Leader in the field of education invites applications for the recruitment of academicians for its following Minority Educational Institutes
INDORE INSTITUTE OF LAW
(Affiliated to D.A.V.V. and Bar Council of India, New Delhi)
First and only Pvt. Autonomous Law college in India with NAAC A+ Grade in its first cycle requires Academicians under College Code 28 for B.A.LL.B. (Hons.), BBA.LL.B. (Hons.), LL.B. (Hons.) & LLM Courses
Principal/Professor of Practice/Professors/Associate Professors/Asst. Professors
For Law, Management, History, Economics, Political Science, English, Hindi, Sports Teacher
Administrative Jobs : Manager HR, Training & Placement Officer and Dy. Controller Exam
Qualification & Salary : as per UGC and BCI norms
Idyllic INSTITUTE OF MANAGEMENT
(Affiliated to D.A.V.V. & Approved By M.P. Higher Education & AICTE New Delhi)
A Premier Institute of central India, Requires Principal/ Professors/Associate Professors/ Asst. Professors under CC-28 For
M.B.A., B.B.A., B.Com., B.A.(Political Science/History/ Economics/Sociology) and Faculty for Computer Science, Hindi & English, Qualification as per UGC and AICTE norms
C.V. with attested copies of testimonials and photograph should reach within 7 days to : HR IES, Gendalal Bam Parisar, Opp. IIM, Rau-Pithampur Road, Rau,Indore-453331 or mail to hriconeducationsociety@gmail.com Cont. No. 88897 33385
R-50240/2024

वर्ष 41, अंक 46 11.11.2024 से 17.11.2024
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - रंजना चितले
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता

प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना और नागरिकों को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक, चाहे वह शहर में हो या दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में, उन्नत चिकित्सा सेवाओं तक आसानी से पहुंच सके। इसी उद्देश्य से राज्य के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे ये केंद्र जिला अस्पतालों के समान उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अनुसार मध्यप्रदेश सरकार सभी नागरिकों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने और उन्हें स्वस्थ रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। स्वस्थ नागरिकों से ही आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण संभव है। प्रदेश सरकार का यह प्रयास है कि हर नागरिक को स्वास्थ्य सेवाएं मिलें और हर क्षेत्र में लोग पूरी ऊर्जा से समाज और देश के विकास में अपनी भूमिका निभा सकें। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वस्थ भारत सशक्त भारत' के दृष्टिकोण के तहत चिकित्सा शिक्षा का भी तेजी से विस्तार कर रही है। मध्यप्रदेश में वर्तमान में 17 सरकारी और स्वशासी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण जारी है। हाल ही में सिवनी, नीमच, और मंदसौर में नए मेडिकल कॉलेजों का संचालन शुरू हुआ है और 8 अन्य मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा, राज्य सरकार ने पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत 12 और मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना बनाई है, जिससे प्रदेश में चिकित्सा विशेषज्ञता को बढ़ावा मिलेगा। मध्यप्रदेश के प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों में एमआरआई, सीटी स्कैन, पीईटी सीटी जैसे आधुनिक उपकरणों की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए 42 प्रकार की एंटी-कैंसर दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर उचित उपचार मिल सके। राज्य के सभी जिला और सिविल अस्पतालों में अब 132 प्रकार की जांच सेवाएं उपलब्ध हैं, जबकि सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 80 प्रकार की जांच की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश में 324 हब और 1,610 स्पोक स्थापित किए गए हैं, जहां प्रतिदिन 35 हजार से अधिक जांचें जिला स्तर पर और 32 हजार से अधिक जांचें हब और स्पोक पर हो रही हैं।

राज्य के शासकीय अस्पतालों में मुफ्त दवाओं की उपलब्धता में भी बड़ी वृद्धि की गई है। जिला अस्पतालों में 295 से बढ़ाकर 530 प्रकार की दवाएं, सिविल अस्पतालों में 448, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 373 और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 299 प्रकार की दवाएं मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही हैं। मध्यप्रदेश सरकार मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए भी आवश्यक कदम उठा रही है। राज्य में विशेष नवजात देखभाल इकाइयां और बाल गहन चिकित्सा इकाइयां स्थापित की गई हैं, ताकि माताओं और नवजात शिशुओं को उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्राप्त हो सके। हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की समय पर पहचान कर आवश्यक चिकित्सकीय सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की आयुष्मान भारत योजना ने मध्यप्रदेश के नागरिकों को एक मजबूत स्वास्थ्य सुरक्षा चक्र प्रदान किया है। अब 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी योजना के तहत लाभान्वित किया जायेगा। इस योजना के तहत मध्यप्रदेश में अब तक 22 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं और आयुष्मान कार्ड जारी करने में प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है। इस योजना के तहत राज्य में 1,048 स्वास्थ्य सेवा प्रदाता संस्थान सूचीबद्ध हैं, जिनमें 493 सार्वजनिक अस्पताल और 555 निजी अस्पताल शामिल हैं। इसके अलावा 1,952 प्रकार के स्वास्थ्य लाभ पैकेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनमें कैंसर, हृदय रोग, उच्च जोखिम गर्भावस्था, किडनी की बीमारियां और अन्य महंगे उपचार शामिल हैं।

# जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचने के लिए विकासशील देशों को पहुंचाई आर्थिक मदद

संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) में विकसित देशों के समूह की रिपोर्ट जारी हुई। जलवायु परिवर्तन का सामना करने के लिए विकसित देशों ने विकासशील देशों को वर्ष 2022 में 27.26 अरब रुपये (32.4 बिलियन डॉलर) प्रदान किए, जिसमें सार्वजनिक वित्त पोषण के रूप में 24.31 अरब रुपये (28.9 बिलियन डॉलर) भी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह राशि 2021 की तुलना में लगभग 23 प्रतिशत और 2019 की तुलना में 54 प्रतिशत अधिक थी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल नवंबर में जारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचने के लिए 215 से 387 बिलियन डॉलर देने पर सहमति दी थी। रिपोर्ट के अनुसार ग्लासगो में वर्ष 2021 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में विकसित देशों से वर्ष 2019 को आधार रेखा के रूप में इस्तेमाल करते हुए वर्ष 2025 तक विकासशील देशों के लिए जलवायु वित्तपोषण को दोगुना करने का आग्रह किया गया था। पिछले वर्ष दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन ने इस आह्वान को दोहराया और विकसित देशों से वर्ष 2024 में प्रगति की रिपोर्ट देने को कहा गया था। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में 11.6 बिलियन डॉलर अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक वित्त अनुदान दिया गया। इसके अलावा 17.2 बिलियन डॉलर ऋण प्रदान किया गया। अनुदान में वर्ष 2019 की तुलना में 63 प्रतिशत और ऋण में 48 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

जनजातीय गौरव दिवस - 15 नवम्बर

# संस्कृति रक्षा और राष्ट्र निर्माण में जनजातीय समाज के योगदान का स्मृति दिवस

जनजातीय समाज ने एक ओर वन, पर्वत और नदियों के संरक्षण के माध्यम से संपूर्ण प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा में अपना जीवन समर्पित किया है, वहीं राष्ट्र पर संकट आते ही युद्ध के मैदान में प्रत्येक विदेशी आक्रमण का सशस्त्र सामना भी किया है। समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिये जनजातीय समाज के अभूतपूर्व योगदान का स्मरण करने के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवम्बर को बलिदानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन करने की परंपरा आरंभ की। अंग्रेजी काल में जनजातीय समाज ने पूरे देश में दो मोर्चों पर एक साथ संघर्ष किया। एक ओर अपनी संस्कृति रक्षा के लिये जनजागरण अभियान और दूसरा अंग्रेजों से भारत की मुक्ति के लिये सशस्त्र संघर्ष। लेकिन जन सामान्य को जनजातीय समाज के इस संघर्ष की जानकारी सबसे कम है। जन सामान्य को यह जानकारी देने के लिये ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2021 में प्रतिवर्ष 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस आयोजित करने की घोषणा की।

### जनजातीय गौरव दिवस आयोजन का उद्देश्य

प्रत्येक समाज की अपनी विशिष्टताएं होती हैं जो उनकी मूल संस्कृति और परंपराओं में प्रतिबिम्बित होती हैं। स्वतंत्रता के बाद जनजातीय समाज के विकास के लिये प्रत्येक सरकार ने योजनाएं बनाईं, लेकिन दो बातों पर ध्यान नहीं दिया। एक तो जनजातीय समाज का गौरवमय अतीत समाज के सामने कैसे आये और उनकी परंपराओं का संरक्षण कैसे हो। इसके अतिरिक्त एक और बात, सरकार उनके हित में जो योजनाएं बनाती है, कई बार जानकारी के अभाव में यह समाज उन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनजातीय गौरव दिवस आयोजित करने के पीछे यही प्रमुख उद्देश्य रहे हैं। एक तो जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, राष्ट्र रक्षा के लिये उनके द्वारा किये गये बलिदान से समाज अवगत हो, दूसरा सरकार की योजनाओं की उन्हें जानकारी मिले, तीसरा वे अपनी संस्कृति और परंपराओं का महत्व समझें और चौथा उनमें स्वत्व का बोध हो। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस से 'पीएम जन मन योजना' जोड़ी और 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' से भी जोड़ा।

प्रधानमंत्री जनमन योजना को 'प्रधानमंत्री-जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान' के रूप में जाना जाता है। इसका उद्देश्य देश के सभी राज्यों में निवासरत जनजातीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिये उनका शैक्षिक, आर्थिक, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास करना है। उनके विकास के लिये सरकार की अनेक योजनाएँ हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में वे इसका लाभ नहीं उठा पाते। उन्हें इन योजनाओं की पर्याप्त जानकारी और योजना का लाभ उठाने के लिये उचित मार्गदर्शन मिले, इसलिये 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया गया।

### जनजातीय गौरव दिवस के लिये 15 नवम्बर तिथि का चयन

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनजातीय गौरव दिवस आयोजित करने के लिये 15 नवम्बर की तिथि का चयन भी विशेष महत्वपूर्ण है। राष्ट्ररक्षा के लिये जनजातीय समाज ने असंख्य बलिदान दिये हैं। देश का ऐसा कोई प्रांत, कोई कोना नहीं जहां अपनी संस्कृति रक्षा और राष्ट्र रक्षा के लिये बलिदान न हुआ हो। जनजातीय समाज ने दोनों दिशाओं में संघर्ष किया है। समाज में कुछ ऐसी विलक्षण विभूतियां हुई हैं जिन्होंने अकेले इन दोनों दिशाओं में संघर्ष किया। जनजातीय संस्कृति रक्षा के लिये टोलियां बनाकर जन जागरण अभियान चलाया, लोगों को समझाकर उनके स्वत्व से जोड़ा, प्रवचन किये और दूसरी ओर क्रांतिकारी दल गठित कर विदेशी सत्ता से सशस्त्र संघर्ष भी किया। ऐसे ही विलक्षण महानायक बिरसा मुंडा थे। उनकी जन्म तिथि 15 नवम्बर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसी तिथि का चयन किया। प्रधानमंत्री ने उनके जन्मस्थान जाकर उन्हें नमन् किया और उनकी जन्मतिथि 15 नवम्बर को प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस मनाने की घोषणा की। प्रधानमंत्री 15 नवम्बर को केवल औपचारिक उत्सव आयोजन की तिथि तक सीमित नहीं रखना चाहते थे। वे इस दिन को जनजातीय समाज के उत्थान और विकास का निमित्त भी बनाना चाहते थे। इसलिये इस दिन गौरव दिवस के साथ यात्राएं भी निकाली गईं। क्षेत्र और जिलों का निर्धारण करके शासन का एक ऐसा सुसज्जित वाहन जनजातीय क्षेत्रों में गया जिसमें जनजातीय समाज के विकास की सभी योजनाओं का विवरण हो और उनका लाभ उठाने का मार्गदर्शन भी दिया गया। इसके साथ ही एक अन्य अभियान समाज में चलाया जिसमें जनजातीय समाज के राष्ट्र निर्माण में योगदान का विवरण दिया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के इस संकल्प को पूरा करने के लिये मध्यप्रदेश सरकार प्रत्येक जिला मुख्यालय तथा जनजातीय जनसंख्या बाहुल्य ब्लॉक स्तर पर जनजातीय समाज से संबंधित आयोजन करती है। मध्यप्रदेश में इस वर्ष इन दोनों संकल्पों को पूरा करने और आयोजन गरिमापूर्ण बनाने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक करके विशिष्ट निर्देश जारी किये हैं। इस आधार पर जिला प्रशासन और स्थानीय सामाजिक संगठन सक्रिय भी हैं।

### भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह-स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस आयोजन की शुरुआत भले वर्ष 2021 से की, लेकिन वे अपने प्रथम कार्यकाल से ही जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत को पूरे देश के सामने लाने के लिये प्रयत्नशील रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से रांची में भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह-स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का निर्माण कराया। संग्रहालय का यह भवन पहले जेल थी। इसी जेल में भगवान बिरसा मुंडा कैद रहे थे। यह संग्रहालय लगभग 25 एकड़ में फैला है। केन्द्र और राज्य सरकार की संयुक्त योजना के अंतर्गत इसमें लाइट और साउंड शो का आयोजन किया जाता है। इसमें भगवान बिरसा का जीवन वृत्त भी दिखाया जाता है। यह पर्यटकों में आकर्षण का केंद्र है। संग्रहालय के बाहरी परिसर में भगवान बिरसा मुंडा के ग्राम उलिहातू का स्वरूप बनाया गया है। संग्रहालय में भगवान बिरसा मुंडा की 25 फीट की मूर्ति भी स्थापित की गई है। इसके साथ ही, संग्रहालय में विभिन्न आंदोलनों से जुड़े अन्य स्वतंत्रता सेनानियों जैसे शहीद बुधू भगत, सिद्धु-कान्हू, नीलांबर-पीतांबर, दिवा-किसुन, तेलंगा खड़िया, गया मुंडा, जात्रा भगत, पोटो एच, भागीरथ मांझी, गंगा नारायण सिंह की जानकारी भी प्रदर्शित की गई है। इस संग्रहालय का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर, 2021 को पहले जनजातीय गौरव दिवस पर किया था।

रमेश शर्मा

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

### जीवन परिचय- भगवान बिरसा मुंडा

संपूर्ण भारतीय जनजातीय समाज क्रांतिकारी बिरसा मुंडा को एक अवतारी पुरुष मानता है और भगवान के रूप में मान्यता देता है। बिरसा मुंडा ने अपनी निडरता, कौशल और आत्मबल से ब्रिटिश सरकार की जड़ें हिला दी थीं। उनके आह्वान पर हजारों जनजातीय युवा एकत्र हो जाते थे। उत्पीड़न के विरुद्ध आरंभ उनका आंदोलन 'उलगुलान क्रांति' कहा गया।



भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवम्बर 1875 को झारखंड राज्य के उलिहातू ग्राम में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा उनके गांव के शिक्षक जयपाल नाग द्वारा हुई। 1880 में आगे पढ़ने के लिये ईसाई मिशनरीज स्कूल भेजे गये। वहां उनका मतान्तरण हुआ और नाम बिरसा डेविड रख दिया गया। उन दिनों यह पूरा क्षेत्र ईसाई मिशनरीज के प्रभाव में था और अधिकांश लोगों का मतान्तरण कर दिया गया था। बिरसा जी बचपन से कुशाग्र बुद्धि और शारीरिक रूप से समर्थ थे। उन्हें अपनी परंपराओं से लगाव था। उस विद्यालय में जब भी शिक्षक जनजातीय परंपराओं का परिहास करते तो बिरसा जी आपत्ति करते थे। भारतीय परंपराओं विशेषकर जनजातीय समाज की परंपराओं का परिहास उन्हें पसंद न था। एक दिन वे इसी विषय पर पादरी से तर्क करने लगे तो उन्हें विद्यालय से निकाल दिया गया।

बिरसा ने लोगों से संवाद किया। मनन, चिंतन और साधना से स्वयं को भी परिष्कृत किया और फिर लौटकर अपने गांव पहुंचे। अपनी परंपरा, अपनी संस्कृति के महत्व को लोगों तक पहुंचाया और उन्हें अपने स्वत्व, स्वाभिमान और संस्कार पर कायम रहने को कहा। उनकी गतिविधियों से अंग्रेज सरकार भी बौखलाई और चर्च भी। अंत में 1895 में बिरसा गिरफ्तार कर लिये गये। दो साल कारावास मिला। 1897 में रिहा हुए, लौटकर उन्होंने पुनः अपनी गतिविधि तेज की। जनवरी 1900 में दोबारा बंदी बनाये गये। रांची जेल लाया गया और भारी प्रताड़ना दी गई। अंततः वे 09 जून, 1900 को संसार त्याग कर परम ज्योति में विलीन हो गये।

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

## सहायक प्राध्यापक (विधि) परीक्षा-2022 दिनांक 04.08.2024 (रविवार)
## परीक्षा परिणाम

**विज्ञप्ति क्र. 10521/29/2024/अनु.-10** **इंदौर, दिनांक : 07.11.2024**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा **सहायक प्राध्यापक (विधि) परीक्षा-2022** हेतु विज्ञापन जारी किया गया था जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

01. विज्ञापन क्रमांक-31/2022/30.12.2022, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 31.03.2023।

| | |
|---|---|
| (1) | विज्ञप्ति क्रमांक-12641/2022/अनु.-06 दिनांक 05.01.2023 (विज्ञापन के संबंध में केविएट याचिका दायर करने के संबंध में सूचना)। |
| (2) | शुद्धि पत्र क्रमांक-1/16/2022 से 53/2022, दिनांक 10.01.2023 (सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के विभिन्न विज्ञापनों के संबंध में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि में संशोधन)। |
| (3) | संशोधित शुद्धि पत्र क्रमांक-3/16/2022 से 53/2022, दिनांक 25.07.2023 (सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के विभिन्न विज्ञापनों के संबंध में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि में संशोधन।) |
| (4) | शुद्धि पत्र क्रमांक-5/31/2022, दिनांक 18.12.2023 (सहायक प्राध्यापक विधि हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने संबंधी)। |
| (5) | विज्ञप्ति क्रमांक-3295/2024/प.नि., इंदौर दिनांक 20.03.2024 (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 स्थगन के संबंध में)। |
| (6) | शुद्धि पत्र क्रमांक-7/16-53/2022 दिनांक 28.03.2024 (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 (समस्त विज्ञापित विषयों हेतु) एवं ग्रंथपाल तथा क्रीड़ा अधिकारी के पदों के लिए अतिथि विद्वानों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट प्रदाय किए जाने एवं समस्त अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने विषयक)। |
| (7) | शुद्धि पत्र क्रमांक-8/16-53/2022 दिनांक 12.04.2024 (संशोधित तिथि विन्यास) (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 (समस्त विज्ञापित विषयों हेतु) एवं ग्रंथपाल तथा क्रीड़ा अधिकारी के पदों के लिए अतिथि विद्वानों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट प्रदाय किए जाने एवं समस्त अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने विषयक। |
| (8) | शुद्धि पत्र क्रमांक-2/16/2022 से 51/2022 दिनांक 15.03.2023 (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 अर्हकारी अंकों में 5 प्रतिशत छूट के संदर्भ में)। |
| (9) | शुद्धि पत्र क्रमांक-10/16-53/2022 दिनांक 21.06.2024 सहायक प्राध्यापक परीक्षा के आयोजन की सूचना संबंधी)। |
| (10) | शुद्धि पत्र क्रमांक-11/31/2022 दिनांक 10.09.2024 (सहायक प्राध्यापक विधि परीक्षा-2022 विज्ञापित पदों हेतु मुख्य एवं प्रावधिक भाग के पदों की जानकारी) |

02. उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत **सहायक प्राध्यापक (विधि) परीक्षा-2022** जिला मुख्यालय इंदौर, भोपाल जबलपुर एवं ग्वालियर के केन्द्रों पर दिनांक 04.08.2024 (रविवार) को एक सत्र में दोपहर 12.00 से 03.00 बजे तक आयोजित की गई थी।

03. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की कुल संख्या निम्नानुसार है :-

| श्रेणीवार/वर्गवार कुल विज्ञापित | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.** | **विवरण** | **UR** | **SC** | **ST** | **OBC** | **EWS** | **TOTAL** |
| (अ) | कुल रिक्तियों की संख्या (TOTAL POST) | - | - | 29 | - | - | 29 |
| (ब) | कुल रिक्तियों में से महिलाओं के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (FEMALE) | - | - | 10 | - | - | 10 |
| (स) | कुल रिक्तियों में से भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (ExSer) | - | - | - | - | - | - |
| (द) | कुल रिक्तियों में से दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पद रिक्तियों की संख्या (PH) | [PH-NA] | | | | | - |

04. सामान्य प्रशासन विभाग के ''पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022'' में दिए गए निर्देशों एवं आयोग के निर्णय अनुसार **सहायक प्राध्यापक (विधि) परीक्षा-2022** के अंतर्गत विज्ञापित पदों का परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग में घोषित किया जाना है। अतः उक्त परीक्षा हेतु विज्ञापित विज्ञापन में **प्रावधिक भाग के पदों की संख्या निरंक** है। उपरोक्तानुसार **सहायक प्राध्यापक (विधि) परीक्षा-2022** के परीक्षा परिणाम में **मुख्य भाग-अ** के लिए साक्षात्कार हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह **कुल-52** अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

**MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION**
**ASSISTANT PROFESSOR EXAM 2022 (LAW)- PART A (MAIN)**
**ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES**

| S.No. | ROLL No. | S.No. | ROLL No. | S.No. | ROLL No. | S.No. | ROLL No. | S.No. | ROLL No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 240001 | 12. | 240016 | 23. | 240027 | 34. | 240039 | 45. | 240051 |
| 2. | 240002 | 13. | 240017 | 24. | 240028 | 35. | 240040 | 46. | 240052 |
| 3. | 240003 | 14. | 240018 | 25. | 240029 | 36. | 240041 | 47. | 240053 |
| 4. | 240005 | 15. | 240019 | 26. | 240031 | 37. | 240042 | 48. | 240054 |
| 5. | 240007 | 16. | 240020 | 27. | 240032 | 38. | 240043 | 49. | 240055 |
| 6. | 240008 | 17. | 240021 | 28. | 240033 | 39. | 240044 | 50. | 240056 |
| 7. | 240009 | 18. | 240022 | 29. | 240034 | 40. | 240045 | 51. | 240057 |
| 8. | 240010 | 19. | 240023 | 30. | 240035 | 41. | 240047 | 52. | 240058 |
| 9. | 240012 | 20. | 240024 | 31. | 240036 | 42. | 240048 | | |
| 10. | 240013 | 21. | 240025 | 32. | 240037 | 43. | 240049 | | |
| 11. | 240015 | 22. | 240026 | 33. | 240038 | 44. | 240050 | | |

**साक्षात्कार के लिए अभिलेख प्रेषित करने के संबंध में निर्देश :-**

**मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर**

**परिशिष्टि प्रपत्र-01**

| विज्ञापन क्रमांक :- 31/2022/30.12.2022 | पद/परीक्षा का नाम :- सहायक प्राध्यापक (विधि) परीक्षा-2022 |
|---|---|
| अनुक्रमांक - ................................ | अभ्यर्थी का नाम :- ................................ |

| स. क्र. | दस्तावेज का विवरण | संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक | संलग्नक के पृष्ठों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | उपरोक्त परीक्षा के लिए भरे गए ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 2. | उपरोक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र की छायाप्रति। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 3. | उपस्थिति पत्रक-1 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 4. | व्यक्तिगत विवरण पत्रक-1 मूल प्रति एवं 5 छायाप्रतियां। (केवल मूल प्रति पर नम्बरिंग करना है। छायाप्रतियों पर नम्बरिंग नहीं करना है।) | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 5. | अनुप्रमाणन फॉर्म-3 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 6. | घोषणा पत्र (किसी भी चयन/परीक्षा से विवर्जित (Debar) नहीं होने संबंधी) 01 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 7. | हाईस्कूल की अंकसूची। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 8. | हायर सेकेण्डरी की अंकसूची। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 9. | स्नातक एवं स्नातकोत्तर की समस्त वर्षों की अंकसूचियां एवं उपाधि। (स्नातक परीक्षा दिनांक 13.04.2024 के पूर्व उत्तीर्ण होना अनिवार्य है) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 10. | यू.जी.सी. नेट/मध्यप्रदेश राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) उत्तीर्ण प्रमाण पत्र। (दिनांक 13.04.2024 तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 11. | प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि विद्वानों के लिए निर्धारित प्रारूप में अध्यापन अनुभव प्रमाण पत्र। (दिनांक 13.04.2024 तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 12. | मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने की स्थिति में म.प्र. राज्य का रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र। (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 13. | मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की प्रति। (प्रमाण-पत्र में प्रकरण क्रमांक, गोलसील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है।) (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 14. | आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र। (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने की दिनांक, गोलसील एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।) (म.प्र. शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र मान्य होंगे।) (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र (छायाप्रति)। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 15. | म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को क्रीमीलेयर श्रेणी के अंतर्गत न आने संबंधी प्रस्तुत किए जाने वाला घोषणा पत्र-01 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 16. | म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए वित्तीय वर्ष :- (1) विज्ञापन क्रमांक-31/2022/30.12.2022 अनुसार ऑनलाइन आवेदन दिनांक 01.03.2023 से दिनांक 02.04.2023 तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए आवेदकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-2023 का ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना है। **अथवा** (2) आयोग के शुद्धि पत्र दिनांक 10.01.2023, 25.07.2023 एवं 18.12.2023 अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए आवेदकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-2024 का ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना है। **अथवा** (3) आयोग के शुद्धि पत्र क्रमांक-08/16-53/2022 दिनांक 12.04.2024 अनुसार ऑनलाइन आवेदन दिनांक 05.04.2024 से दिनांक 13.04.2024 तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए आवेदकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 का ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना है। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 17. | महिला अभ्यर्थियों हेतु विवाहोपरांत उपनाम परिवर्तन की स्थिति में शपथ पत्र की प्रति। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 18. | म.प्र. शासन की सेवा में सेवारत शासकीय सेवक होने की स्थिति में विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रति। अनापत्ति प्रमाण-पत्र न हो तो विभाग को अनापत्ति हेतु प्रस्तुत पत्र की प्रति संलग्न करें। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |

(शेष अगले पृष्ठ पर)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19. | मध्यप्रदेश शासन की सेवा में सेवारत होने की स्थिति में शासकीय सेवक हेतु अभिवचन पत्र-1 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 20. | भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.04.2024 के पूर्व भूतपूर्व सैनिक होने संबंधी दस्तावेज की प्रति एवं सेवावधि का विवरण पत्रक की प्रति। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 21. | अभ्यर्थी का स्वयं का पहचान पत्र (आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र/पेन कार्ड/फोटोयुक्त बैंक पास बुक की प्रति/शासकीय कर्मचारी होने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र की प्रति/ड्रायविंग लायसेंस) (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 22. | दिव्यांग अभ्यर्थी होने की स्थिति में दिव्यांगता के प्रमाण पत्र की छायाप्रति। (ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.04.2024 के पूर्व प्रमाण पत्र जारी होना अनिवार्य है) | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | |
| 23. | यदि अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण/न्यायालयीन प्रकरण दर्ज हो जिसका निराकरण लंबित हो या हो चुका हो तो उससे संबंधित दस्तावेज। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | |
| 24. | आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापित पदों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत) के आधार अभ्यर्थी ''अभिवचन'' पत्र की पूर्ति कर आयोग कार्यालय में साक्षात्कार दिवस को अनिवार्यतः प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | ....... |
| 25. | अन्य कोई दस्तावेज जो अभ्यर्थी प्रस्तुत करना चाहता है। | पृष्ठ क्रमांक .......से....... तक | |
| | कुल संलग्नक दस्तावेजों की संख्या (अंकों में) | | |

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर :- ..................................

05. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन अनुसार वांछित अपनी अर्हता संबंधी समस्त अभिलेख उपरोक्त परिशिष्ट प्रपत्र-01 अनुसार क्रम में प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर अभ्यर्थी अपना नाम, अनुक्रमांक, पृष्ठ क्रमांक एवं संलग्न दस्तावेज के कुल पृष्ठों की संख्या स्पष्टतः अंकित कर **दिनांक 28.11.2024 तक** आयोग कार्यालय में प्रेषित करें। डाक विभाग या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किए गए अभ्यर्थियों के अभिलेख आयोग कार्यालय में विलंब से प्राप्त होने पर आयोग जिम्मेदार नहीं होगा न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने अभिलेख आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाह रहे हैं, उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियों की आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जांच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार की पात्रता होगी। साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।

06. आयोग की बैठक दिनांक 19.09.2024 के निर्णय क्रमांक-20 के निर्णयानुसार आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा/लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूर्ण किए जाने वाले समस्त प्रकरणों में लिखित परीक्षा में सम्मिलित होकर साक्षात्कार हेतु अर्ह घोषित किए गए केवल ऐसे आवेदक जिनके अभिलेख आयोग कार्यालय में विलम्ब से प्राप्त होते हैं एवं किसी कारणवश नहीं भेजे जाते हैं तो ऐसे आवेदकों से विलम्ब शुल्क के साथ आयोग कार्यालय में अभिलेख जमा करने हेतु निम्नानुसार राशि निर्धारित की गई है :–

आयोग द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में साक्षात्कार हेतु अभिलेख जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि 28.11.2024 के पश्चात् कार्यालयीन दिवस/समय प्रातः 10.00 से सायं 06.00 बजे तक निम्नानुसार विलंब शुल्क की नगद राशि एम.पी.टी.सी. 6 के माध्यम से आयोग की लेखा शाखा में जमा कराने के पश्चात अभिलेख जमा किए जा सकेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् कार्यालयीन 05 दिवस तक राशि रुपये 3,000/- (तीन हजार मात्र)। | दिनांक 29.11.2024 से 05.12.2024 तक |
| 02 | निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् 10 कार्यालयीन दिवस तक (अर्थात् 06 से 10 दिवस तक) राशि रुपये 25,000/- (पच्चीस हजार मात्र) | दिनांक 06.12.2024 से 12.12.2024 तक |

उपरोक्तानुसार विलंब शुल्क के साथ निर्धारित तिथियों के पश्चात डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से आयोग को प्रेषित किए गए आवेदकों के अभिलेख प्राप्त होने पर आयोग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण टीप :-**

1. सूची में दर्शाए गए परीक्षा परिणाम पूर्णतः प्रावधिक हैं। यदि अभ्यर्थी सहायक प्राध्यापक (विधि) परीक्षा-2022 के लिए अधिसूचित नियमों एवं शर्तों को पूर्ण नहीं करते हैं तो साक्षात्कार हेतु उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जाएगी।
2. सहायक प्राध्यापक (विधि) परीक्षा-2022 के साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।
3. न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण, असत्य जानकारी देने अथवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में चाही गई वांछित औपचारिकताएं पूर्ण न करने के परिणाम स्वरूप चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।
5. साक्षात्कार हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। यह स्पष्ट किया जाता है कि मुद्रण त्रुटियों के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा एवं आयोग कार्यालय में रखी परीक्षा परिणाम की सूची ही प्रमाणिक मानी जाएगी।
6. उपरोक्तानुसार जारी प्रावधिक लिखित परीक्षा परिणाम का अंतिम चयन परिणाम माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक TRANSFER PETITION (C) No. 1120 OF 2023 Dated 02.09.2024 एवं माननीय उच्च न्यायालय में याचिका क्रमांक-5596/2024, 2108/2022 एवं समान अन्य याचिकाओं व माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक-एस.एल.पी. 12398/2023 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। उपरोक्त परीक्षा से संबंधित प्रचलित न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।।
7. सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 में उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों के अतिथि विद्वान (रिक्त पदों के विरुद्ध एवं जनभागीदारी) तथा मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों में संविदा आधार पर कार्यरत अतिथि विद्वानों के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं का अंतिम चयन परिणाम याचिकाओं के पारित अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।
8. लिखित परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कोई तकनीकी त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि संज्ञान में आती है तो आयोग के पास परीक्षा परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
9. आयोग की बैठक दिनांक 30.10.2023 में लिए गए निर्णय क्रमांक-31 के अनुसार सहायक प्राध्यापक (विधि) परीक्षा-2022 की अंतिम उत्तरकुंजी में विलोपित किए गए प्रश्नों के अंक परीक्षा में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों को समान रूप से प्रदाय किए गए हैं अर्थात् दोनो प्रश्न पत्रों के लिए न्यूनतम उत्तीर्णांक की गणना हेतु निर्धारित पूर्णांक यथावत हैं।
10. अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने अभिलेख **दिनांक 28.11.2024 तक** निम्न पते पर भेजना सुनिश्चित करें :-

प्रति,

सचिव,
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग,
रेसीडेंसी एरिया, इंदौर

अभ्यर्थी अपने अभिलेख के लिफाफे पर **सहायक प्राध्यापक (विधि) परीक्षा-2022 के साक्षात्कार हेतु अभिलेख** अवश्य लिखें।

**जी-18620/50232/2024** **उप परीक्षा नियंत्रक**

---

## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, भोपाल मध्यप्रदेश

पिन कोड - 462002, टेलीफोन नंबर - 0755-2660717

ईमेल : hegmlbgpgcbho@mp.gov.in, वेबसाइट : https://highereducation.mp.gov.in?orgid=85

**क्र. 4841/म.ल.ब./स्था./2024** **भोपाल, दिनांक : 04.11.2024**

### विज्ञप्ति

महाविद्यालय में सत्र 2024-25 हेतु स्टेशनरी व अन्य सामग्री क्रय हेतु निविदा mp-e-tender पोर्टल **www.mptenders.gov.in** के माध्यम से (टेण्डर आई.डी. 2024_HED_379289_1) द्वारा किया जाना है। पोर्टल पर निविदा की आरंभ तिथि 29.10.2024 एवं **अंतिम तिथि दिनांक 18.11.2024** है। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म एम.पी. ई-टेण्डर पोर्टल पर दर्शित नियम एवं शर्तों और क्रय सामग्री की सूची के अनुरूप में सम्मिलित हो सकते हैं। निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए 1000/- (वापसी योग्य नहीं) हैं। क्रय प्रक्रिया वर्तमान में म.प्र. भंडार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अनुसार की जावेगी। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन **www.mptenders.gov.in** एवं महाविद्यालय की वेबसाइट **https://highereducation.mp.gov.in/?orgid=85** पर ही किया जाएगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

**नोट - For clarification please contact at college email id - hegmlbgpgcbho@mp.gov.in**

(डॉ. आर.के. अग्रवाल)
प्र. प्राचार्य
शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर
(स्वशासी) महाविद्यालय, भोपाल-462002

**जी-18555/50229/2024**

---

## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

**क्रमांक 10313/06/2023/चयन** **इंदौर, दिनांक : 04.11.2024**

### पदनाम - वरिष्ठ चिकित्सक होम्योपैथी/विशेषज्ञ होम्योपैथी चयन-सूची (मुख्य भाग-87 प्रतिशत)

आयोग के विज्ञापन क्रमांक **04/2023** दिनांक **13.03.2023** एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में म.प्र. शासन, आयुष विभाग के अंतर्गत विज्ञापित पद - **वरिष्ठ चिकित्सक होम्योपैथी/विशेषज्ञ होम्योपैथी के कुल-01 पद** (अनारक्षित-01) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पद की पूर्ति के लिए अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार **दिनांक 27 अगस्त, 2024** को आयोजित किए गए।

2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चूंकि उक्त विज्ञापित पदों में अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विज्ञापित पद की संख्या निरंक होने के कारण इस पद हेतु 87 एवं 13 प्रतिशत पदों के विभाजन की आवश्यकता नहीं है। अतएव चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत मुख्य भाग हेतु विज्ञापित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों की संख्या निरंक होने के कारण प्रावधिक भाग-13 प्रतिशत हेतु रिक्तियों की संख्या निरंक होने के परिणाम स्वरूप पृथक से प्रावधिक भाग का चयन परिणाम जारी किए जाने की आवश्यकता नहीं होगी।
3. अतएव साक्षात्कार में प्राप्तांकों के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :–

**वरिष्ठ चिकित्सक होम्योपैथी/विशेषज्ञ होम्योपैथी (म.प्र. शासन आयुष विभाग)**

**पद विवरण तालिका (मुख्य भाग -87 प्रतिशत)**

| | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ई.डब्ल्यू.एस. | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल पदों की संख्या | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |

**मुख्य सूची**

| स.क्र. | अनुक्रमांक | नाम | लिंग | Seat | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 11027 | MENKA WADHWANI | F | UNR | UNR |

**अनुपूरक सूची**

| स.क्र. | अनुक्रमांक | नाम | लिंग | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 11022 | SHEEBA AKHTAR | F | UNR |

**टीप :–**

1. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**प्रभारी सचिव**
**म.प्र. लोक सेवा आयोग, इंदौर**

**जी-18619/50231/2024**

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

क्रमांक 10510/28/2024/चयन इंदौर, दिनांक : 06.11.2024

## पदनाम - बीमा चिकित्सा पदाधिकारी/सहायक शल्य चिकित्सक संशोधित चयन-सूची (मुख्य भाग-87 प्रतिशत)

आयोग के विज्ञापन क्रमांक **38/2023** दिनांक **28.12.2023** एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में म.प्र. शासन, श्रम विभाग के अंतर्गत विज्ञापित पद - **बीमा चिकित्सा पदाधिकारी/सहायक शल्य चिकित्सक के कुल 27 पद** (अनारक्षित-07, अ.जा.-04, अ.ज.जा.-06, अ.पि.वर्ग-07, ई.डब्ल्यू.एस.-03) इनमें से महिलाओं हेतु आरक्षित पद (अनारक्षित-02, अ.जा.- 01, अ.ज.जा.-02, अ.पि. वर्ग-02, ई.डब्ल्यू.एस.-01) (कुल विज्ञापित पदों में से दिव्यांगजन के लिए आरक्षित पद - अस्थिबाधित - 05 पद) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार **दिनांक 19.09.2024 से 24.09.2024 तक** आयोजित किए गए।

2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में म.प्र. शासन, श्रम विभाग से प्राप्त रिक्ति विवरण अनुसार आयोग द्वारा उक्त विज्ञापन क्रमांक 38/2023 दिनांक 28.12.2023 में ही उक्त विज्ञापित पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग की रिक्तियों का पद विभाजन विज्ञापित किया गया है जिसके अनुसार, चयन परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत मुख्य भाग हेतु पुनरीक्षित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। प्रचलित प्रावधानों के अनुसार प्रावधिक भाग का चयन परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरण के अंतिम न्यायिक निर्णय के पश्चात घोषित किया जाएगा।

3. आयोग द्वारा उक्त पद की चयन सूची क्रमांक 10173/28/2024/चयन इंदौर दिनांक 24.10.2024 को घोषित की गई है, साथ ही प्राप्तांकों की सूची भी क्रमांक 10174/28/2024/चयन इंदौर दिनांक 24.10.2024 को घोषित की गई है एवं घोषित चयन परिणाम के संबंध में केविएट विज्ञप्ति क्रमांक 10175/28/2024/चयन इंदौर दिनांक 24.10.2024 जारी की गई है।

4. दिनांक 24.10.2024 को घोषित उक्त चयन सूची में आयोग के संज्ञान में आंशिक त्रुटि परिलक्षित होने के परिणामस्वरूप दिनांक 24.10.2024 को घोषित चयन सूची में उल्लेखित टीप क्रमांक-3 ''चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।'' के परिप्रेक्ष्य में उक्त पैरा-03 में उल्लेखित दिनांक 24.10.2024 को घोषित चयन सूची/प्राप्तांकों की सूची एवं केविएट विज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए एवं आयोग की वेबसाइट से विलोपित करते हुए, साक्षात्कार में प्राप्तांकों के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की संशोधित चयन सूची घोषित की जाती है:–

**बीमा चिकित्सा पदाधिकारी/सहायक शल्य चिकित्सक (श्रम विभाग)**

**पद विवरण तालिका (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)**

| | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ई.डब्ल्यू.एस. | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल पदों की संख्या | 7 | 4 | 6 | 4 | 3 | 24 |
| इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद | 2 | 1 | 2 | 1 | 1 | |
| कुल पदों में से अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद | | | | | | 5 |

**मुख्य सूची**

| स. क्र. | अनुक्रमांक | नाम | लिंग | | Seat | | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 16092 | NIDHI BIDOLYA | F | प्रावधिक | UNRF | | UNR |
| 2. | 16159 | MANISH PARMAR | M | | SC | | SC |
| 3. | 16165 | SOURABH DONGRE | M | प्रावधिक | SC | | SC |
| 4. | 16327 | BRAJ BIHAREE SONI | M | | OBC | | OBC |
| 5. | 16145 | SANGEETA OSWAL | F | प्रावधिक | UNRF | | SC |
| 6. | 16260 | ISHIKA JAIN | F | | EWSF | | EWS |
| 7. | 16321 | PRAGATI PATEL | F | | OBCF | | OBC |
| 8. | 16024 | RAHUL SHARMA | M | प्रावधिक | UNRHO | अ.बा. | UNR |
| 9. | 16322 | YOGESH PRASAD RATHORE | M | | OBC | | OBC |
| 10. | 16263 | DIVYA DIXIT | F | | EWS | | EWS |
| 11. | 16279 | BENAZIR ALAM | F | प्रावधिक | OBC | | OBC |
| 12. | 16152 | SHRIKSRISHAN PAWAK | M | | SC | | SC |
| 13. | 16247 | ANURAG CHOUHAN | M | | ST | | ST |
| 14. | 16258 | KULDEEP SINGH RATHOD | M | | EWS | | EWS |
| 15. | 16038 | DEEPAK PANCHOLI | M | प्रावधिक | UNRHO | अ.बा. | UNR |
| 16. | 16171 | HIMANSHY RAI | F | | SCF | | SC |
| 17. | 16222 | ASHISH KUMARSINGH DHURWAY | M | | ST | | ST |
| 18. | 16234 | PIYUSH DEVDA | M | प्रावधिक | ST | | ST |
| 19. | 16221 | POOJA MARAVI | F | प्रावधिक | STF | | ST |
| 20. | 16245 | AMARDEEP SOLANKI | M | प्रावधिक | ST | | ST |
| 21. | 16218 | LAJMI UIKEY | F | | STF | | ST |

**अनुपूरक सूची**

| स.क्र. | अनुक्रमांक | नाम | लिंग | | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 16172 | HEMANT GHORE | M | | SC |
| 2. | 16259 | YOGESH KUMAR MISHRA | M | | EWS |
| 3. | 16275 | KULDEEP PATIDAR | M | प्रावधिक | OBC |
| 4. | 16297 | DEEKSHA MEENA | F | प्रावधिक | OBC |
| 5. | 16265 | PRADEEP KUMAR CHAUBEY | M | | EWS |
| 6. | 16281 | RADHA GOYAL | F | | OBC |
| 7. | 16100 | SAGARIKA JAIN | F | प्रावधिक | UNR |
| 8. | 16369 | GARIMA CHOUDHARY | F | | OBC |
| 9. | 16174 | NAVEEN MATHUR | M | | SC |
| 10. | 16267 | RIYA JAIN | F | | EWS |
| 11. | 16189 | AISHWARYA RAI | F | प्रावधिक | SC |
| 12. | 16230 | RITESH PARTETI | M | प्रावधिक | ST |
| 13. | 16241 | SACHIN MANDLOI | M | | ST |
| 14. | 16229 | SHEETAL CHOUHAN | F | | ST |
| 15. | 16239 | SAPNA MANDLOI | F | | ST |

**टीप :–**

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए हैं जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हों। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया जाना प्रावधानित है।
2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी/3-2/97/3/एक भोपाल, दिनांक 10.02.1997 की कंडिका 05 के परिपालन में घोषित की गई चयन सूची में पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी अनुपलब्ध होने की दशा में महिलाओं हेतु आरक्षित पदों को संबंधित प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों से भरे जाने का प्रावधान प्रावधानित है।
3. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
4. कुल विज्ञापित पदों में से मुख्य भाग - 87 प्रतिशत हेतु विज्ञापित कुल 24 पदों में से दिव्यांग श्रेणी हेतु 05 पद (अस्थिबाधित-05 पद) विज्ञापित हैं परन्तु अस्थिबाधित दिव्यांग श्रेणी हेतु पर्याप्त/योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण अस्थिबाधित दिव्यांग के-03 पद रिक्त रहे हैं। शासन निर्देश के परिपालन में दिव्यांगजनों के पद रिक्त रहने की स्थिति में अनारक्षित वर्ग के विज्ञापित पदों से उतने ही पद रिक्त रखे जाने का प्रावधान है, अतः कुल 03 पद दिव्यांगजन के रिक्त पद के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग से रिक्त रखे गए हैं।
5. घोषित चयन परिणाम मान. सर्वोच्च न्यायालय में लंबित एस.एल.पी. 8764/2023 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। इसी प्रकार ई.डब्ल्यू.एस. वर्ग के अभ्यर्थियों के चयन की अभ्यर्थिता याचिका क्रमांक 2108/2022 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

**प्रभारी सचिव**
**म.प्र. लोक सेवा आयोग, इंदौर**

जी-18686/50243/2024

---

# कार्यालय कलेक्टर
## (सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण)
## जिला बुरहानपुर म.प्र.
### रूम नं. 29 संकुल कलेक्ट्रेट बुरहानपुर

E-mail : ddsw_bpr@rediffmail.com, दूरभाष - कार्या. 07325-242158

क्रमांक/स्था/वि.भ.अ./2024/1028 बुरहानपुर, दिनांक : 29.10.2024

## विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजन के लिए वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से की जाने वाली भर्ती हेतु विज्ञापन

आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय म.प्र. भोपाल के पत्र क्र. 1678/स्था.1/233/2024 दिनांक 18 सितम्बर 2024 के द्वारा कार्यालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला बुरहानपुर की कार्यालयीन स्थापना में दिव्यांग व्यक्तियों के आरक्षण हेतु तृतीय श्रेणी लिपिकीय वर्गीय सहायक ग्रेड-3 का रिक्त एक पद दिव्यांगजन के लिये आरक्षित किया गया है।

दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित सहायक ग्रेड-3 के (नियमित) एक पद की पूर्ति वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से किये जाने हेतु इच्छुक अर्हताधारी आवेदकों का साक्षात्कार **दिनांक 11 दिसम्बर 2024** वार बुधवार को समय 11.00 बजे पूर्वाह्न से जिला पंचायत बुरहानपुर के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। आवेदन हेतु पद की निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, आयु-सीमा एवं पद का वेतनमान, आवेदन का प्रारूप एवं अन्य आवश्यक जानकारी जिले की वेबसाइट **https://burhanpur.nic.in/** पर उपलब्ध है।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला बुरहानपुर में सहायक ग्रेड-3 के पद पर कार्य हेतु इच्छुक अर्हताधारी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि एवं विकलांगता एवं अन्य संबंधित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित आवेदन पत्र **दिनांक 25.11.2024** को समय 05.30 बजे तक उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला बुरहानपुर 450331 के नाम से डाक द्वारा या कार्यालयीन समय में आवक शाखा में स्वीकार किये जायेंगे। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। डाक के माध्यम से विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों के लिए कार्यालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण बुरहानपुर का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

**कलेक्टर, जिला बुरहानपुर द्वारा अनुमोदित।**

**उप संचालक**
**सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण**
**जिला बुरहानपुर, म.प्र.**

जी-18402/50247/2024

---

# कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग हरदा
## निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक 11/व.ले.लि./2024-25** हरदा, दिनांक : 06.11.2024

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**क्र. एवं कार्य का नाम :**– 1. हरदा छिपानेर (शहरी क्षेत्र) मार्ग पर व्हाइट टॉपिंग का कार्य लं. 1.260 कि.मी.।

| टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 2024_PWDRB_380479 | हरदा | निर्माण कार्य | द्वितीय आमंत्रण | रु. 172.94 लाख |

उपरोक्त निविदा वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 19.11.2024** सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग भ/स संभाग हरदा**

जी-18665/50244/2024

# प्रकृति के महत्व एवं गांव की संस्कृति को भगवान श्रीकृष्ण ने किया प्रतिष्ठित

**ग्वालियर,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर की आदर्श गौशाला में आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं और जीवन चरित्र के माध्यम से प्रकृति तथा गौवंश के महत्व एवं गाँव की संस्कृति को प्रतिष्ठित किया। उनके जीवन का हर पक्ष प्रेरणादायी है। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से हमें सीख मिलती है कि मनुष्य में हर प्रकार के कष्ट निवारण की क्षमता विद्यमान है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा समाज की भलाई के लिये रखे गए आदर्शों को सामने लाने के लिये सरकार ने गौ-पूजन एवं गोवर्धन पूजा करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर की आदर्श गौशाला लाल टिपारा में गोवर्धन पूजन एवं मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय समारोह को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने लाल टिपारा गौशाला में लगभग 108 टन गोबर से निर्मित 11 फीट ऊंचे गोवर्धन पर्वत और इस पर्वत पर गोबर से ही निर्मित लगभग 8 फीट ऊंची भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की और गोवर्धन पर्वत की आरती उतारी। उन्होंने गोवर्धन पूजा के माध्यम से ग्वालियर सहित प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गौ-माता का पूजन किया और सहला कर हरी घास खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। एक ओर गोबर से निर्मित विशाल गोवर्धन पर्वत, दूसरी ओर सजी-धजी गौ-माताएं और कतारबद्ध खड़े ग्वाल-ग्वाले देखकर लाल टिपारा परिसर में ऐसा आभास हो रहा था कि मानो यहां ब्रजधाम उतर आया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे विश्व में इस ध्रुव सत्य को स्वीकार किया गया है कि गौमाता के दूध में सबसे शुद्ध पोषक तत्व पाए जाते हैं। गाय के दूध से कुपोषण की समस्या का भी समाधान संभव है। उन्होंने गौवंश की महत्ता पर भी प्रकाश डाला।

# हमले के शिकार मृतकों के परिजन को आठ लाख रुपये की अनुग्रह राशि

**उमरिया,** वन राज्यमंत्री श्री दिलीप सिंह अहिरवार ने उमरिया जिले के चंदिया तहसील के बांका और देवरी गांव पहुंचकर हाथियों के हमले के शिकार हुए मृतक रामरतन और खेरूकोल के परिजन से मिलकर शोक-संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार परिजनों को 8-8 लाख रुपये की अनुग्रह राशि के आदेश सौंपे। श्री अहिरवार ने कहा कि इस दुखद घड़ी में राज्य सरकार और वन विभाग पूरी तरह पीड़ित परिवारों के साथ है और उनकी हर संभव मदद की जायेगी। वन राज्यमंत्री ने कहा कि आपको चिंता करने की जरूरत नहीं, सरकार आपके साथ है।

## मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय गोवर्धन पूजा समारोह को किया संबोधित

# बूढ़ी और अपाहिज गायों की देखभाल कांजी हाउस में नहीं गौशालाओं में होगी

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवीन्द्र भवन में राज्य स्तरीय गोवर्धन पूजा समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में गौपालन को बढ़ावा देकर किसानों और गौपालकों के आर्थिक सशक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है। शहरों में कांजी हाउस के स्थान पर गौवंश की देखभाल के लिए गौशालाएं प्रारंभ की जायेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 51 हजार से अधिक ग्रामों में दूध का उत्पादन बढ़ाते हुए इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश को पूरे देश में प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास है। इसके साथ ही अगली पशुगणना में प्रदेश को तीसरे स्थान से पहले स्थान पर लाने के समस्त प्रयास भी किये जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गौवंश पालन पर क्रेडिट कार्ड देने की पहल की गई है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवीन्द्र भवन में आयोजित गोवर्धन पूजा समारोह को संबोधित किया

- 10 या अधिक गायें पालन करने वालों को दिया जायेगा अनुदान
- गौवध के दोषियों को मिलेगा 7 वर्ष का सख्त कारावास
- गौ-वंश पालकों को भी दिये जायेंगे क्रेडिट कार्ड
- गौ-वंश के बेहतर आहार के लिये प्रति गौ-वंश की राशि की जायेगी दोगुनी
- अगली पशु गणना में प्रदेश को तीसरे से नम्बर वन बनाएंगे

**गौवध के दोषी को मिलेगा 7 वर्ष का सख्त कारावास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौवंश से समृद्ध प्रदेश में गौमाता के संरक्षण के लिये समुचित प्रावधान किये जा रहे हैं। गौवध को रोकने के लिये समुचित व्यवस्था की गई है। गौवध का दोषी पाये जाने पर 7 वर्ष की सख्त सजा देने का कानूनी प्रावधान है।

**प्रदेश है गौवंश में समृद्ध**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश गौवंश में समृद्ध है। प्रदेश में लगभग एक करोड़ 39 लाख गाय हैं। वर्ष 2019 की पशु गणना के अनुसार मध्यप्रदेश तीसरे स्थान पर है। हम अगली पशुगणना में देश में प्रथम स्थान पर आने का प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौपालकों को प्रोत्साहन, गौवंश संरक्षण के सरकार के प्रयासों और योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में पशु चिकित्सा के लिये गौ-एंबुलेंस का संचालन भी किया जा रहा है।

**शहरों में प्रारंभ होंगी बड़ी गौशालाएं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-पालन एवं गौ संरक्षण के कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर, भोपाल, उज्जैन और ग्वालियर जैसे शहरों में बड़ी गौशालाएं प्रारंभ की जायेंगी। शहरों की गौशालाओं में 5 हजार से लेकर 10 हजार तक गौवंश को रखने की व्यवस्था होगी। वर्ष 2024-25 में पशुधन संरक्षण के लिए 590 करोड़ रुपये का बजट रखा है।

# प्रदेश के नगरीय निकायों में पेंशनरों की महंगाई राहत दर में वृद्धि

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप और नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के निर्देश पर प्रदेश के नगरीय निकायों के पेंशनरों की महंगाई राहत दर में बढ़ोत्तरी की गई है। इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त श्री भरत यादव ने आदेश जारी किए हैं। प्रदेश में अब नगरीय निकायों के पेंशनरों को महंगाई राहत की दर में राज्य शासन के पेंशनरों के समान लाभ मिलेगा। छठवें वेतनमान में पेंशन पर 239 प्रतिशत तथा सातवें वेतनमान में पेंशन पर 50 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत स्वीकृत की गई है। यह आदेश मूल पेंशन एवं परिवार पेंशन दोनों पर लागू होगा। पेंशनरों को महंगाई राहत दर में वृद्धि एक अक्टूबर 2024 से स्वीकृत की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी स्थानीय निकायों के कार्यालयों से प्राप्त की जा सकती है।

# 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों के लिये अभिनव पहल

**भोपाल,** भोपाल जिले में 70 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड निरंतर बनाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग जिला भोपाल द्वारा अभिनव पहल करते हुए 70 साल से अधिक उम्र के चिकित्सकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी द्वारा विशेष व्यवस्था की गई। इस दौरान सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में 50 से अधिक चिकित्सकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत निरामयम कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक दुबे (राज्य प्रशासनिक सेवा) सहित वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हुए। 30 अक्टूबर को जिले में पहला आयुष्मान कार्ड बनाया गया था। जिले में अब तक 12 सौ से अधिक कार्ड बनाए जा चुके हैं।

11 नवंबर को 70 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ चिकित्सकों के लिए आयोजित आयुष्मान कार्ड जनरेशन के विशेष कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सकों को नवीन आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा इस योजना में वरिष्ठ नागरिकों को शीघ्र लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को भर्ती होने पर 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क, कैशलैस उपचार मिलेगा। पात्र वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में एक नया कार्ड, विशेष पहचान नंबर जारी किया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत डॉ. मनोज हुरमाड़े ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बीआईएस पोर्टल एवं आयुष्मान एप के माध्यम से बनाए जा रहे हैं। योग्यता के लिये पात्रता का निर्धारण आधार कार्ड के आधार पर किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि जिन चिकित्सकों ने लंबे समय तक समर्पण भाव से हितग्राहियों की निस्वार्थ सेवा की है, उनके इस महती योगदान को दृष्टिगत रखते हुए इनके आयुष्मान कार्ड बनाने की विशेष व्यवस्था की गई थी। जिले में विशेष शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे जल्द ही सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा सकें।

# मृत हाथियों के विसरा में मिला साइक्लो-पियाज़ोनिक एसिड

**भोपाल,** उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में खितौली और पतौर रेंज में 29 अक्टूबर को हाथियों के मृत पाये जाने की घटना हुई थी। इसके संबंध में मृत हाथियों के विसरा विज्ञान प्रयोगशाला में भेजे गये थे। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव श्री एल. कृष्णमूर्ति ने बताया कि 5 नवम्बर को मृत हाथियों की विसरा सैम्पल की विषाक्तता रिपोर्ट केन्द्र सरकार के आईवीआरआई बरेली उत्तर प्रदेश से प्राप्त हुई है। रिपोर्ट के अनुसार मृत हाथियों के विसरा में साइक्लोपियाजोनिक एसिड पाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार यह भी पता चलता है कि हाथियों ने बड़ी मात्रा में खराब कोदो पौधे एवं अनाज खाये हैं। नमूनों में पाये गये साइक्लोपियाज़ोनिक एसिड की विषाक्तता की वास्तविक गणना की जा रही है।

# विभिन्न वर्गों के जीवन को बदलने का है संकल्प

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिये एक जनवरी से 4 नये मिशन प्रारंभ करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने दशकों से उपेक्षा के शिकार रहे समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन को बदलने का संकल्प लिया है। हमारी सरकार युवा, नारी, किसान और गरीब वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण के जनवरी-2025 में मिशन मोड में प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करने जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवाओं, नारी, किसानों और गरीबों के अभावग्रस्त जीवन के आर्थिक उन्नयन के साथ उनमें आत्मविश्वास भरने और उनके जीवन को बेहतर बनाने का संकल्प



लिया है। मध्यप्रदेश सरकार इन वर्गों के आर्थिक विकास के लिये ठोस पहल कर रही है। प्रदेश में एक जनवरी 2025 से 4 मिशन-युवा शक्ति मिशन, गरीब कल्याण मिशन, किसान कल्याण मिशन और नारी सशक्तिकरण मिशन प्रारंभ किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प को पूरा करने की पहल करने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा शक्ति मिशन में युवाओं को रोज़गार, कौशल विकास और नेतृत्व के अवसर प्रदान कर सशक्त बनाने का कार्य किया जायेगा। गरीब कल्याण मिशन में गरीब और वंचित वर्गों को सामाजिक सुरक्षा, रोज़गार और बुनियादी सुविधाएँ प्रदान की जायेंगी। नारी सशक्तिकरण मिशन में महिलाओं को आत्म-निर्भर बनाने के साथ उन्हें आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को साकार करने के लिये वर्तमान वित्तीय वर्ष में साढ़े 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि का लोक कल्याणकारी बजट पारित किया गया।

# एनएबीएल के मंच से नई दिल्ली में मिला पश्चिम क्षेत्र को महत्वपूर्ण प्रमाण-पत्र

**इंदौर,** नेशनल एक्रिडिएशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज और क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया के मंच से इंदौर पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की टीम को महत्वपूर्ण प्रमाण पत्र मिला। यह प्रमाण पत्र नेशनल एक्रिडिएशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज गुरुग्राम के सीईओ श्री एन. वेंकटेश्वरन ने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी एवं NABL शाखा सीईओ श्री आर.के. नेगी को नई दिल्ली में प्रदान किया। NABL के प्रमाणित लैब के देशभर के संचालकों, पदाधिकारियों के राष्ट्रीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में पश्चिम क्षेत्र कंपनी को आमंत्रित किया गया था। इसी दौरान पश्चिम क्षेत्र कंपनी को यह सम्मान मिला। पश्चिम क्षेत्र कंपनी की ओर से श्री नेगी ने अनुभव साझा किए एवं टीम के साथ प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की टेस्टिंग लैब इंदौर, टेस्टिंग लैब उज्जैन एवं निम्न दाब मीटर टेस्ट लैब इंदौर नेशनल एक्रिडिएशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज से प्रमाणीकृत हैं। वर्तमान में केंद्र शासन एवं राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में लगने वाली विद्युत सामग्री का गुणवत्ता परीक्षण इसी श्रेणी के लैब से किया जाना अनिवार्य किया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# मुख्यमंत्री ने उमरिया में हुई हाथियों की मृत्यु की घटना पर उठाए सख्त कदम



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक को निर्देशित किया

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि प्रदेश में राज्य स्तरीय हाथी टास्क फोर्स गठित किया जाएगा। हाथी-मानव सह-अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए हाथी मित्र बनाए जाएंगे। जिन क्षेत्रों में हाथियों की आवाजाही अधिक है, वहां किसानों की फसलों को बचाने के लिए सोलर फेंसिंग की व्यवस्था होगी। साथ ही किसानों को कृषि के अलावा कृषि वानिकी एवं अन्य वैकल्पिक कार्यों से भी जोड़ने के प्रयास होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में आने वाले समय में ऐसे वन क्षेत्र विकसित किए जाएंगे, जिसमें हाथियों की बसाहट के साथ सह अस्तित्व की भावना मजबूत हो सके। केंद्रीय वन मंत्री से भी इस संबंध में चर्चा हुई है। वे मार्गदर्शन करेंगे जिससे वन विभाग इस क्षेत्र में ठोस कार्यवाही कर सके। जिन जिलों में हाथी वन क्षेत्रों में रह रहे हैं वहां हाथी मित्र जन-जागरूकता के लिए कार्य करेंगे।

**वन अधिकारी सतर्क और सजग रहें**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में उमरिया जिले के वन क्षेत्र में पिछले दिनों 10 हाथियों की अलग-अलग दिन हुई मृत्यु की घटना दुखद एवं दर्दनाक है, जिसे राज्य शासन ने गंभीरता से लिया है। वन राज्यमंत्री सहित वरिष्ठ अधिकारियों के दल ने क्षेत्र का भ्रमण किया है।

- **राज्य स्तरीय हाथी टास्क फोर्स होगी गठित**
- **हाथी- मानव सह अस्तित्व सुनिश्चित करने बनेंगे 'हाथी मित्र'**
- **जिन जिलों के वन क्षेत्रों में हाथी अधिक, वहां चलेगा जन-जागरूकता अभियान**
- **फसलों को बचाने के लिए सोलर फेंसिंग की होगी व्यवस्था**

**दोषी अधिकारियों का निलंबन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाथियों की मृत्यु की इतनी बड़ी घटना के समय फील्ड डॉयरेक्टर का अवकाश से वापस न आना और पूर्व में हाथियों के दल आने के संदर्भ में जो आवश्यक चिंता की जाना चाहिए, वह नहीं की गई। इस लापरवाही के लिए फील्ड डॉयरेक्टर श्री गौरव चौधरी को सस्पेंड किया गया है। साथ ही प्रभारी एसीएफ श्री फतेह सिंह निनामा को भी निलंबित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उमरिया जिले में जो घटना घटी है इसमें जनहानि को लेकर 8 लाख रुपये प्रति व्यक्ति के परिजन को दिया जाता था, उसको बढ़ाकर अब 25 लाख रुपये प्रति व्यक्ति करने का निर्णय लिया है। इस घटना में दो व्यक्तियों की मृत्यु हुई है उनके परिवारों को भी इससे जोड़ा है।

## मध्यप्रदेश एवं राजस्थान की संयुक्त समिति गठित

**भोपाल,** राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश एवं राजस्थान सरकार के मध्य चीता परियोजना के लिये कॉरिडोर प्रबंधन के संबंध में संयुक्त समिति गठित की गयी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्य-जीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान को समिति का संयुक्त अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-प्राणी मध्यप्रदेश-राजस्थान, संचालक सिंह परियोजना चीता प्रोजेक्ट शिवपुरी, क्षेत्र संचालक, संचालक, मुख्य वन संरक्षक संबंधित टाइगर रिज़र्व सहित राजस्थान, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रतिनिधि आदि को सदस्य मनोनीत किया गया है।

## बहुती माइक्रो इरिगेशन से 30 दिनों में किसानों को अवश्य पानी उपलब्ध कराएं

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कमिश्नर कार्यालय सभागार रीवा में संभाग की प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी-मोटी बाधाओं के कारण बहुती माइक्रो इरिगेशन से सिंचाई शुरू नहीं हो पा रही है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी बहुती नहर निर्माण के छूटे हुए भाग में तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराएं। निर्माण कार्य के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमिश्नर तथा पुलिस महानिरीक्षक आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। लगभग 10 स्थानों में अधिग्रहित भूमि पर निर्माण कार्य में बाधा डालने के कारण 65 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पा रही है। सभी निर्माण कार्य 30 दिन में पूरा करके बहुती माइक्रो इरिगेशन से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना से सीधी, मऊगंज और रीवा जिले के बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा। इसके लिए शासन द्वारा चार हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसका मुख्य बांध सीधी जिले में सोन नदी पर बनाया जाएगा। इससे उद्वहन द्वारा पानी मऊगंज और हनुमना में पहुंचाया जाएगा। परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति तथा अन्य सभी अनुसंशाओं के लिए तत्काल आवेदन कर दें। मुख्य वन संरक्षक परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए विभागीय मापदण्डों के अनुसार शीघ्र स्वीकृतियां जारी कराएं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र के सभी जिलों में विकास को गति देने के लिए ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन तथा सिंचाई परियोजनाओं के कार्य समय पर पूरा किया जाना आवश्यक है। रेलवे परियोजना के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं, जिससे वर्ष 2025 में रीवा रेलवे लाइन से सीधी जिले से जुड़ जाए। बैठक में मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग ने सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।

## सिंहस्थ में बिजली व्यवस्था के लिए 62 करोड़ की लागत से भूमिगत केबल का होगा कार्य

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सिंहस्थ 2028 की तैयारी कर रही है। स्थाई प्रकृति के 62 करोड़ रुपये के कार्यों को मंजूरी मिल गई है। वृत्त स्तर पर इसकी तत्काल तैयारी भी प्रारंभ कर दी गई है।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि सिंहस्थ के लिए होने जा रहे नए विद्युत कार्यों से सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही उज्जैन शहर और उज्जैन ग्रामीण के बिजली उपभोक्ताओं को भी सुविधा होगी और कम वोल्टेज की शिकायत नहीं रहेगी।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि करीब 30 करोड़ रुपये की लागत से उज्जैन और आसपास 33/11 के.वी. के चार अत्याधुनिक बिजली ग्रिड बनेंगे। ये ग्रिड नानाखेड़ा इंदौर रोड स्टेडियम के पास, चारधाम मंदिर महाकाल लोक के पास, सदावल उज्जरखेड़ा हनुमान मंदिर के पास और वाल्मीकि धाम क्षेत्र में बनेंगे।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और श्री विष्णुदेव साय ने नगाड़ा बजाकर छत्तीसगढ़ में आयोजित राज्योत्सव समारोह का शुभारंभ किया

## बच्चे पढ़ाई के साथ खेलों में भी करें श्रेष्ठ प्रदर्शन

**नरसिंहपुर,** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। बच्चों के समग्र विकास के लिये स्कूलों को संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में राज्य स्तरीय 68वीं शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि गाडरवारा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिले के लिये गर्व की बात है।

## ई-नगर पालिका के माध्यम से प्रदेश के नागरिकों को मिलेंगी त्वरित सेवाएं

**भोपाल,** प्रदेश में नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्रदेश के सभी 413 नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के उद्देश्य से वेब आधारित ई-नगर पालिका योजना प्रारंभ की गई है। यह परियोजना डिजिटल इंडिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी एवं त्वरित नागरिक सेवा देने के लिये ई-गवर्नेंस का अनूठा उदाहरण है। ई-नगर पालिका द्वारा नगरीय निकायों द्वारा समस्त नागरिक सेवाओं, जन शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य प्रणाली, समस्त भुगतान एवं बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनालइन सुविधा प्रदाय की जा रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है, जहां प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है।

**22 नागरिक सेवाएं**

ई-नगर पालिका 1.0 को डेटाबेस के साथ प्लेटफार्म पर विकसित किया गया। वर्तमान में ई-नगर पालिका के माध्यम से 22 नागरिक सेवाएं प्रदाय की जा रही हैं, इसमें 15 मॉड्यूल शामिल हैं। ई-नगर पालिका का विभिन्न विभागों जैसे उद्योग, राजस्व, पंजीयन विभाग और भारत सरकार की महत्वपूर्ण मोबाइल एप उमंग से भी एकीकृत किया गया है। ई-नगर पालिका 1.0 पोर्टल के माध्यम से दी जा रही सभी नागरिक सेवाओं और विभागीय कार्यों को और बेहतर, सरल तथा सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से वर्तमान में विभाग द्वारा ई-नगर पालिका परियोजना के द्वितीय चरण का विकास, क्रियान्वयन और संचालन नई टेक्नोलॉजी एवं उपकरणों के अनुसार कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

## किसान समृद्धि केन्द्र वन स्टॉप सेंटर के रूप में कार्य करेंगे

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पीएम किसान समृद्धि केन्द्र वन स्टॉप सेंटर के रूप में कार्य करेंगे। इनमें खाद, बीज, कृषि उपकरण और मिट्टी परीक्षण के अतिरिक्त खेती-किसानी से संबंधित अन्य जानकारियाँ भी उपलब्ध कराई जायेंगी। उल्लेखनीय है कि 3 सितम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहकारिता विभाग और नर्मदा नियंत्रण मण्डल के कार्यों की समीक्षा बैठक में प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केन्द्र स्थापित किये जाने के निर्देश दिये थे।

पीएम किसान समृद्धि केन्द्रों का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर किसानों को मिट्टी, बीज, उर्वरक इत्यादि की जानकारी उपलब्ध कराई जाये। इसके साथ ही इन केन्द्रों को कस्टम हॉयरिंग सेंटर्स से जोड़कर किसानों को कृषि संबंधी छोटे और बड़े उपकरण भी उपलब्ध कराये जायें। किसानों को कृषि की बेहतर पद्धतियों और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएं।




**किसानों को मिलेंगे यह लाभ**

ग्राम पंचायतों में पीएम किसान समृद्धि केन्द्र स्थापित हो जाने से किसानों को अन्य स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें केन्द्र में ही खेती-किसानी के लिये आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध होंगे। संसाधन उपलब्ध न होने पर किसान समृद्धि केन्द्र समन्वयक की भूमिका निभाकर उन्हें संसाधन उपलब्ध करायेगा। इससे किसानों का खाद, बीज, उर्वरक और कृषि उपकरणों की खरीदी के लिये आने-जाने का समय भी बचेगा और अन्य व्यय भी नहीं होंगे। उन्हें किसान समृद्धि केन्द्र पर ही गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध होगी।

पीएम किसान समृद्धि केन्द्र के संचालक कृषि विभाग और कृषि संबंधी कार्यक्रम और गतिविधियों से जुड़े रहेंगे। पीएम किसान समृद्धि केन्द्र से जुड़े प्रगतिशील किसानों के किसान समृद्धि समूह नामक व्हाट्सएप ग्रुप का निर्माण होगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# मध्यप्रदेश का प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में देश में श्रेष्ठ प्रदर्शन

- पिछले तीन वर्षों से मध्यप्रदेश लगातार प्रथम स्थान पर
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगरीय निकायों में रेहड़ी पटरी वालों को और मदद देने के दिए निर्देश

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि नगरीय क्षेत्र में जरूरतमंद पथ-विक्रेताओं को उनकी जरूरत के मुताबिक ऋण प्रदान करते हुए कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जाये। प्रदेश में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में पिछले तीन वर्षों से श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश लगातार पहले स्थान पर है। इस योजना में प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में हाथठेला चालकों, रेहड़ी पटरी वालों को 10, 20 और 50 हजार रुपये तक का ऋण प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है।

**तीन वर्षों में श्रेष्ठ प्रदर्शन**

मुख्यमंत्री ने बताया है कि प्रदेश प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में पिछले तीन वर्षों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देशभर में पहले स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज करता आया है। पीएम स्वनिधि योजना में अब तक 12 लाख 30 हजार हितग्राहियों को करीब 1769.16 करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 4 लाख 89 हजार पथ विक्रेता सफलतापूर्वक डिजिटल लेन-देन कर रहे हैं। जिसमें उन्हें 21 करोड़ रुपये का कैशबेक भी प्राप्त हुआ है। प्रदेश में कोरोना काल के दौरान पूर्व में असंगठित क्षेत्र के पंजीकृत पथ-विक्रेताओं को प्रदेश सरकार की ओर से एक-एक हजार रुपये की अनुदान राशि भी उपलब्ध कराई गई थी।

**हितग्राहियों को अन्य योजनाओं का भी दिलाया गया लाभ**

मुख्यमंत्री ने बताया है कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत प्रदेश के 16 लाख 17 हजार से अधिक पथ-विक्रेताओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, भवन और अन्य संनिर्माण श्रमिक अधिनियम, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्रदेश में पीएम स्वनिधि योजना का क्रियान्वयन 413 नगरीय निकायों में किया जा रहा है।

# अचल संपत्ति के बाजार मूल्य गाइड लाइन के लिए केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक

**भोपाल,** मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम, 2018 के नियम-9 के तहत वर्ष 2024-25 की शेष अवधि के लिये अचल संपत्ति के बाजार मूल्य गाइड लाइन के अनुमोदन के लिये केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक हुई।

केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड के समक्ष भोपाल के लिए उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को संबोधित पत्र में उल्लेखित जिला मूल्यांकन समिति भोपाल के प्रस्ताव को संबंधितों से चर्चा किये जाने के बाद पुनः प्रस्ताव प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू विधानसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता के कारण श्योपुर एवं सीहोर जिले को छोड़कर शेष समस्त समितियों द्वारा प्रेषित प्रस्ताव का परीक्षण किया गया।

वर्ष 2024-25 की शेष अवधि के लिए गाइडलाइन तैयार करते समय ऐसी समस्त लोकेशन जहां गाइडलाइन दरें वास्तविक दरों से काफी कम हैं एवं जहां गाइडलाइन मूल्य से अधिक मूल्यों पर दस्तावेज पंजीबद्ध हो रहे हैं, ऐसी लोकेशनों का विभिन्न मापदण्डों जैसे टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नवीन ले-आउट, अकृषिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन की जानकारी, उपलब्ध डाटा के आधार पर डाटा एनालिटिक्स एवं जिले के स्थानीय सर्वे आदि के विश्लेषण से प्राप्त प्रस्तावों का बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक सम्पन्न**

# प्रदेश में सिविल सेवाओं में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण का अनुसमर्थन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक को संबोधित किया

- 254 नए उर्वरक विक्रय केंद्रों की स्थापना की स्वीकृति
- नवीन मेडिकल कॉलेज में प्राध्यापकों की भर्ती की आयु सीमा की गई 50 वर्ष

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 में मुख्यमंत्री के आदेश दिनांक 13.09.2023 एवं इसके परिपालन में विभाग द्वारा जारी अधिसूचना 3 अक्टूबर, 2023 का अनुसमर्थन किया गया। इस निर्णय से महिला आरक्षण 35 प्रतिशत होगा।

**इकाई की स्थापना के लिए फिजिबिलिटी स्टडी**

मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारणी के विद्युत गृह क्रमांक 2 (410 मेगावॉट) एवं विद्युत गृह क्रमांक 3 (420 मेगावॉट) में स्थापित इकाइयों को रिटायर (डी-कमीशन) किये जाने का निर्णय लिया गया। निर्णय अनुसार सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारणी के विद्युत गृह क्रमांक 2 एवं 3 में स्थित इकाई क्रमांक 6 से 9 (कुल क्षमता 830 मेगावॉट) को 30 सितम्बर, 2024 से रिटायर (डी-कमीशन) किये जाने की अनुमति प्रदान की गई।

**आयु-सीमा में वृद्धि का निर्णय**

मंत्रिपरिषद द्वारा नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में चिकित्सा शिक्षकों की कमी को दृष्टिगत रखते हुए सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष से बढ़ाकर 50 वर्ष करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**सह चिकित्सीय पाठ्क्रमों की मान्यता**

मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय परिषद अधिनियम, 2000 को निरस्त करने की कार्यवाही को लंबित रखते हुए शैक्षणिक सत्र 2023-24 एवं आगामी सत्रों की मान्यता प्रक्रिया, साथ ही सह-चिकित्सीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण कर्मियों के पंजीयन एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का आयोजन पूर्व में प्रचलित म.प्र. सह चिकित्सीय परिषद अधिनियम, 2000 अंतर्गत् प्रचलित नियमों के अनुसार, पूर्व में विघटित मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय परिषद को पुनर्जीवित करते हुए, पूर्ण किये जाने तथा राष्ट्रीय आयोग द्वारा अधिनियम अंतर्गत प्रावधानित विनियम (रेगुलेशन) जारी होने के उपरांत विनियम के अनुरूप मध्यप्रदेश अलाइड एण्ड हेल्थ केयर काउंसिल द्वारा स्वशासी बोर्ड्स के गठन होने पर पुनर्जीवित मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय परिषद स्वतः समाप्त हो जायेगी एवं मंत्रिपरिषद् के पूर्व में लिये गये निर्णय अनुसार मध्यप्रदेश सह चिकित्सीय परिषद अधिनियम 2000 को निरस्त करने की कार्यवाही की जाने की स्वीकृति दी गई।

मंत्रिपरिषद द्वारा भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय द्वारा लागू की गई केन्द्र प्रवर्तित परियोजना "Strengthening of Cooperatives through IT Interventions" अन्तर्गत प्रदेश के पंजीयक सहकारी संस्थाएं कार्यालय के कम्प्यूटराइजेशन के लिए परियोजना की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गयी। इस पर 3 करोड़ 68 लाख रुपये व्यय आयेगा, जिसकी 60 प्रतिशत राशि केन्द्र एवं 40 प्रतिशत राशि राज्य शासन द्वारा वहन की जायेगी।

**फैक्ट फाइल**

# मध्यप्रदेश में पीएमश्री योजना में 553 सुविधायुक्त स्कूलों का सफल संचालन

शिक्षा से ज्ञान और ज्ञान से निर्माण की श्रृंखला में स्कूल शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण का आधार होती है। शिक्षा उत्कृष्ट होगी तभी उत्कृष्ट भावी पीढ़ी का निर्माण संभव है। आदर्श शिक्षा की व्यवस्था निर्मित करने के लिये राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तैयार की गयी। इस नीति में ज्ञान, कौशल, संस्कार सभी को शामिल किया गया है। मध्यप्रदेश ने देश में सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये 5 सितंबर, 2022 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पीएमश्री योजना की शुरुआत की। इस योजना में अगले पांच वर्ष तक 2700 करोड़ रुपये से अधिक का बजट भी निर्धारित किया गया है।

पीएमश्री स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी घटकों की पूर्ति करते हुए एक मॉडल स्कूल के रूप में कार्य कर रहे हैं। पीएमश्री स्कूलों में शिक्षा प्रदान करने की आधुनिक तकनीक और शिक्षण पद्धति विकसित की जा रही है। पीएमश्री स्कूल छात्रों की शिक्षा, कौशल, समस्या-समाधान और मानसिक विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके साथ ही बच्चों को 21वीं सदी के प्रमुख कौशल से प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**पीएमश्री स्कूल योजना के बारे में**

पीएमश्री योजना की शुरुआत वर्ष 2022 में हुई थी। इस योजना के तहत देश के 14500 प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाना है। इन स्कूलों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार लेटेस्ट टेक्नोलॉजी, स्मार्ट क्लास, आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।




**पीएमश्री योजना एक नजर में**

- केंद्र सरकार ने पीएम श्री योजना को पांच वर्ष पहले किया शुरू।
- योजना में 14500 स्कूलों का होना है विकास तथा उन्नयन।
- पांच वर्ष के लिये केंद्र सरकार ने 27 हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट किया तय।
- योजना वर्ष 2026-27 तक चलेगी।
- इस योजना में 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार करती है खर्च।
- योजना में 18128 करोड़ रुपये केंद्र सरकार करेगी खर्च।
- वर्ष 2023-24 के लिये 6,207 पीएमश्री स्कूलों के लिये 3395.16 करोड़ रुपये हुए मंजूर।

**मध्यप्रदेश में पीएमश्री स्कूल योजना की स्थिति**

- प्रदेश में पीएमश्री योजना में वर्तमान में 553 स्कूल संचालित हो रहे हैं।
- प्रदेश के 283 स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है।
- राज्य के 219 पीएमश्री स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब उपलब्ध कराई गई है।
- प्रदेश के सभी पीएमश्री स्कूलों को ग्रीन स्कूल की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है।



**10 हजार से अधिक स्कूल हुए सूचीबद्ध**

पीएमश्री स्कूल योजना के ऑनलाइन डैशबोर्ड में वर्तमान में 10 हजार से अधिक स्कूल सूचीबद्ध हैं, जिनमें से 839 केंद्रीय विद्यालय, 599 नवोदय विद्यालय हैं, जिन्हें केंद्र सरकार संचालित करती है। जबकि 8639 स्कूल राज्य सरकारों और स्थानीय स्तर पर संचालित किये जा रहे हैं। इस योजना के तहत राज्य के 369 स्कूलों में आईसीटी लैब उपलब्ध कराई गई है। प्रदेश के 402 स्कूलों में डिजिटल लायब्रेरी की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

**- शशांक मणि पांडे**

(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)



# चर्चा

रॉबी एविला

## चश्मा लगाकर खेलते हैं बास्केटबॉल

अमेरिका के कॉलेज बास्केटबॉल में सेंट लुइस का



प्रतिनिधित्व करने वाले रॉबी एविला अपने चश्मों के चलते सुर्खियों में हैं। वह विशेष तरह के रेक स्पेक्स गॉगल्स पहनकर बास्केटबॉल खेलते हैं। इस लुक के चलते उनकी तुलना सर्बिया के महान खिलाड़ी निकोला कोकिच से की जाती है। हाल ही में हुए एक मुकाबले में रॉबी ने 35 पॉइंट्स अकेले ही हासिल कर लिए थे।

फेडेरिका ब्रिगनोन

## वर्ल्ड कप रेस जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बनीं

इटली की स्की रेसर फेडेरिका ब्रिगनोन ने अल्पाइन



स्कीइंग वर्ल्ड कप की ओपनिंग रेस जीत ली। उन्होंने जाएंट स्लेलम रेस अपने नाम की। यह 34 वर्षीय फेडेरिका की वर्ल्ड कप में 28वीं जीत और जाइंट स्लेलम में 13वीं जीत रही। उन्होंने अमेरिका की स्टार स्की रेसर मिकायला शिफरिन को हराया। शिफरीन शुरुआत में सबसे तेज थीं, लेकिन वे अपनी इस बढ़त को बनाए नहीं रख सकीं। शिफरिन ओवरऑल पांचवें नंबर पर रहीं। फेडेरिका अल्पाइन स्कीइंग वर्ल्ड कप रेस जीतने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बनीं। उन्होंने ऑस्ट्रिया की एलिजाबेथ गोरगल को पीछे छोड़ा।

रचेल गुप्ता

## मिस ग्रैंड इंटरनेशनल बनीं

जालंधर की 20 वर्षीय रचेल गुप्ता थाईलैंड के बैंकॉक



में एमजीआई मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मिस ग्रैंड इंटरनेशनल, 2024 का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। मिस ग्रैंड इंटरनेशनल, जिसके दुनियाभर में पांच मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, दुनिया की अग्रणी सौंदर्य प्रतियोगिताओं में से एक मानी जाती है। पूर्व मिस सुपर टैलेंट ऑफ द वर्ल्ड, 2022 रचेल ने अगस्त में जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मिस ग्रैंड इंडिया का खिताब जीतकर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर जगह बनाई। 70 से अधिक देशों के प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए उन्होंने यह खिताब हासिल किया है।

दुबई में

## बन रही 1247 फीट ऊंची और 74 फीट चौड़ी इमारत

दुबई में 1247 फीट ऊंची एक इमारत का निर्माण किया



जा रहा है। 73 मंजिला इस इमारत की चौड़ाई केवल 74 फीट होगी। मुराबा वेल इमारत का निर्माण स्पेनिश आर्किटेक्ट कंपनी आरसीआर कर रही है। इसमें कुल 131 अपार्टमेंट होंगे। यह दुबई में अभी तक की सबसे बड़ी इमारतों की सूची में शामिल की गई है।

शक्तिकांत दास

## लगातार दूसरी बार दुनिया के टॉप बैंकर बने

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को महंगाई



पर कंट्रोल, इकोनॉमिक ग्रोथ, करेंसी में स्टेबिलिटी और ब्याज दरों पर कंट्रोल के लिए टॉप बैंकर सम्मान दिया गया है। वे पिछले साल भी टॉप सेंट्रल बैंकर चुने गए थे और उन्हें ए+ रेटिंग ही मिली थी। दास को पिछले साल जून में लंदन के सेंट्रल बैंकिंग अवॉर्ड्स 2023 में गवर्नर ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन के अनुसार, उनके द्वारा दिए गए ग्रेड, इन्फ्लेशन कंट्रोल, इकोनॉमिक डेवलपमेंट गोल्स, करेंसी स्टेबिलिटी और इंटरेस्ट रेट मैनेजमेंट में सफलता के लिए ए से एफ के पैमाने पर आधारित होते हैं। ए आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस और एफ कंप्लीट फेलियर को रिप्रेजेंट करता है।

नरगिस मोहम्मदी

## नोबेल शांति पुरस्कार विजेता को 6 माह की अतिरिक्त जेल

नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी की



मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। उन्हें ईरान के अधिकारियों ने 6 माह की अतिरिक्त जेल की सजा सुनाई है। इस पर मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस के लिए अभियान चलाने वाले समूह फ्री नरगिस गठबंधन का बयान सामने आया है। संगठन ने कहा कि मोहम्मदी को 19 अक्टूबर को आदेशों की अवहेलना और विरोध करने के आरोप में 6 माह की अतिरिक्त जेल की सजा सुनाई गई थी। नरगिस नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली 19वीं महिला हैं और 2003 में मानवाधिकार कार्यकर्ता शिरीन एबादी के बाद दूसरी ईरानी महिला हैं। नरगिस ने ईरानी अधिकारियों की ओर से सलाखों और गिरफ्तारियों के पीछे सालों रहने के बावजूद अपनी सक्रियता जारी रखी है। फिलहाल उन्हें ईरान की एविन जेल में रखा गया है। बता दें कि इस जेल में राजनीतिक कैदी और पश्चिमी देशों से संबंध रखने वाले लोग रहते हैं।

एंजेलिना जोली

## सांता बारबरा फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित होंगी

हॉलीवुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली को सांता

Santa Barbara INTERNATIONAL Film FESTIVAL

बारबरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (एसबीआईएफ)-2025 में माल्टिन मॉडर्न मास्टर अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। एसबीआईएफ के संचालक और फिल्म समीक्षक लियानार्ड माल्टिन ने कहा कि एंजेलिना जोली एक अभिनेत्री और एक निर्देशक दोनों ही क्षेत्रों में हमेशा सफल रही हैं। जेमी ली कर्टिस, निकोल किडमैन, जेवियर बार्डेम, रॉबर्ट डाउनी जूनियर, डेंजेल वाशिंगटन, कैट ब्लैंचेट, जॉर्ज क्लूनी, क्रिस्टोफर प्लमर, क्रिस्टोफर नोलान, जेम्स कैमरून, क्लिंट ईस्टवुड और पीटर जैक्सन पूर्व में माल्टिन मॉडर्न मास्टर पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।

शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान

## रूस के राष्ट्रपति पुतिन के भोज में शामिल हुए

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद



बिन जायद अल नाहयान ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा उनके सम्मान में आयोजित विशेष रात्रिभोज में भाग लिया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने मित्रतापूर्ण बातचीत की। शेख मोहम्मद ने पुतिन को यूएई और रूस के बीच संबंधों को मजबूत करने के उनके निरंतर प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया तथा रूस और उसके लोगों की समृद्धि जारी रहने की कामना की।

रबी लामिछाने

## नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री को जेल भेजने का फैसला

नेपाल की एक जिला अदालत ने सूर्यदर्शन सहकारी



समितियों से संबंधित धन के दुरुपयोग मामले में 50 वर्षीय पूर्व उप प्रधानमंत्री रबी लामिछाने को 6 दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। वह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष भी हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो की टीम ने उनकी पार्टी के मुख्य कार्यालय से उन्हें गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए उन्हें पोखरा ले जाया गया है। कास्की जिला न्यायालय के न्यायाधीश नवराज दहल की एकल पीठ ने पुलिस को पोखरा स्थित सूर्यदर्शन सहकारी समितियों के धन के दुरुपयोग के आरोप में लामिछाने को हिरासत में रखने की अनुमति दी।

फिल्म 'पायर'

## यूरोप में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

ऑस्कर विजेताओं के साथ बनी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार




विजेता विनोद कापड़ी की नई फिल्म 'पायर' का वर्ल्ड प्रीमियर यूरोप के प्रतिष्ठित 28वें टैल्लिन ब्लैक नाइट्स अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में होगा। इस साल टैल्लिन में चुनी गई यह अकेली भारतीय फिल्म है। फिल्म का प्रीमियर 19 नवंबर को होगा। टैल्लिन ने दुनियाभर से चुनी गई फिल्मों की सूची जारी की। 'पायर' उत्तराखंड के हिमालय की पृष्ठभूमि में रची गई 80 वर्ष के दो बुजुर्गों की प्रेम कहानी है। फिल्म में ऑस्कर विजेता संगीतकार माइकल डैना ने संगीत दिया है। उन्हें 'लाइफ ऑफ पाई' के लिए 2012 में ऑस्कर मिला था। जर्मन एडिटर पैट्रिशिया रॉमेल ने फिल्म को एडिट किया है। गुलजार ने फिल्म के लिए एक गीत लिखा है।

यूक्रेन

## माना गया सबसे खूबसूरत महिलाओं का देश

बीते दिनों दुनिया की सबसे खूबसूरत महिलाओं वाले देशों



की सूची जारी की गई है। सूची में यूक्रेन को सबसे खूबसूरत महिलाओं का देश माना गया है। यूरोपीय संगठन द्वारा किए गए ताजा अध्ययन में महिलाओं की शारीरिक विशेषताओं जैसे त्वचा का रंग, आंखों का रंग, चेहरे की बनावट और आकर्षकता पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अध्ययन के अनुसार दुनियाभर में महिलाओं की सुंदरता को लेकर अलग-अलग दृष्टिकोण हो सकते हैं, लेकिन यूक्रेन की महिलाएं इस समय सबसे ज्यादा आकर्षक मानी जा रही हैं। यूक्रेन के बाद स्वीडन का नाम दूसरे स्थान पर आता है। वहीं, इस सूची में पोलैंड, नॉर्वे, बेलारूस, तुर्की और रूस जैसे देशों का भी उल्लेख किया गया है। यह सर्वे दुनियाभर के पुरुषों और महिलाओं के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए किया गया था।

पाम कौर

## एचएसबीसी की पहली महिला सीएफओ होंगी

ग्लोबल बैंकिंग कंपनी एचएसबीसी ने पाम कौर को



अपना नया चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) बनाया है। पंजाब से ताल्लुक रखने वाली पाम एचएसबीसी के 160 साल के इतिहास में पहली महिला सीएफओ होंगी। वे अगले साल एक जनवरी से कंपनी की सीएफओ के तौर पर काम देखेंगी। वे जॉर्ज एल्हेडरी की जगह लेंगी, जिन्हें इस साल की शुरुआत में कंपनी का सीईओ बनाया गया है। 60 साल की पाम कौर इससे पहले कंपनी में चीफ रिस्क एंड कंप्लायंस ऑफिसर के पद पर थीं। वह एचएसबीसी से 2013 में जुड़ी थीं और इंटरनल ऑडिट सेक्शन की ग्रुप हेड के तौर पर काम शुरू किया था।

हांगकांग में

## पहली बार डायनासोर के जीवाश्म मिले

हांगकांग के यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क में स्थित पोर्ट



आइलैंड पर पहली बार डायनासोर के जीवाश्म मिले हैं। विशेषज्ञों ने शुरुआत में पुष्टि की है कि ये जीवाश्म लगभग 14.5 करोड़ से 6.6 करोड़ साल पहले क्रिटेशियस काल के एक बड़े डायनासोर का हिस्सा थे। हालांकि, डायनासोर की प्रजाति की पुष्टि के लिए उन्हें और अध्ययन करने की आवश्यकता होगी। विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया है कि डायनासोर मौत के बाद रेत और बजरी में दफन हो गया था। एक बड़ी बाढ़ के कारण वह बाद में बहकर सतह पर आया और दोबारा से खोज स्थल पर दफन हो गया।

आरोन रॉनी चटर्जी

## ओपन एआई के पहले चीफ इकोनॉमिस्ट बने

ओपन एआई ने भारतवंशी आरोन रॉनी चटर्जी को अपने




पहले चीफ इकोनॉमिस्ट के तौर पर नियुक्त किया है। चटर्जी की भूमिका रोज़गार और दीर्घकालिक उत्पादकता पर एआई के प्रभाव और अर्थव्यवस्था को मिल रहे नए आकार पर अध्ययन करने की होगी। चटर्जी अपने अनुभव से व्यवसायों और नीति निर्माताओं दोनों को एआई द्वारा पैदा होने वाले अवसरों और चुनौतियों से निपटने में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। आरोन रॉनी चटर्जी का जन्म 22 जुलाई, 1978 को हुआ। उनके पिता मानस के. चटर्जी बिंगहैमटन यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर और माता प्रदीप्ता सामाजिक शिक्षा और अंग्रेजी की शिक्षिका थीं।

अमेरिकी संविधान की

## दुर्लभ प्रति नीलामी के लिए रखी गई

अमेरिकी संविधान की 237 वर्ष पहले मुद्रित एक दुर्लभ




प्रति को उत्तरी कैरोलाइना में नीलाम किया जा रहा है। इस प्रति को अनुमोदन के लिए राज्यों को भेजा गया था। 'ब्रंक ऑक्शन्स' इस प्रति को नीलाम कर रहा है। इस प्रकार की यह एकमात्र प्रति है और माना जा रहा है कि यह किसी के निजी अधिकार में है। इसके लिए पहले ही 10 लाख अमेरिकी डॉलर की न्यूनतम बोली लगाई जा चुकी है। यह प्रति तब मुद्रित की गई थी जब 1787 में संवैधानिक सम्मेलन ने राष्ट्र की सरकार के प्रस्तावित ढांचे का मसौदा तैयार कर लिया था।

## स्मृति शेष

### दिग्गज बंगाली अभिनेता देबराज रॉय नहीं रहे

दिग्गज बंगाली अभिनेता और समाचार वाचक



देबराज रॉय का एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे। रॉय कई महीनों से गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे। कई अंगों के काम करना बंद कर देने के कारण उनका निधन हो गया। देबराज के परिवार में पत्नी अनुराधा रॉय हैं। अनुराधा भी अभिनेत्री और समाचार वाचक रह चुकी हैं। देबराज ने अपने कॅरियर की शुरुआत 1970 में सत्यजीत रे की फिल्म 'प्रतिद्वंद्वी' से की थी।

### दुनिया की तीसरी सबसे बुजुर्ग एलिजाबेथ फ्रांसिस की मृत्यु

दुनिया की तीसरी सबसे बुजुर्ग व्यक्ति एलिजाबेथ



फ्रांसिस का 115 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह अमेरिका की सबसे ज्यादा जीने वाली व्यक्ति भी रहीं। एलिजाबेथ और उनकी बड़ी बहन बर्था जॉनसन दुनिया में सबसे ज्यादा उम्र वाली बहनों की जोड़ी भी थीं।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

नारी हो या नर, सब बने साक्षर

*Reaching the Unreached*



# मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल

( मध्यप्रदेश विधानसभा अधिनियम 1991 के अंतर्गत स्थापित शासकीय विश्वविद्यालय )

" Embrace, Engage, Enlighten and Empower"

**NAAC ACCREDITED GRADE "A"**

UGC-DEB / AICTE / RCI / NCTE से अनुमोदित पाठ्यक्रमों का संचालन

यत्र विश्वम् भवति एक नीडम्

**प्रवेश प्रारंभ**

सत्र – 2024-25 ( जून–जुलाई )

अंतिम तिथि 15 नवंबर, 2024

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सत्र 2022–23 से लागू। मल्टीपल एंट्री एंड एग्जिट ऑप्शन

आनो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः ऋग्वेद के १-८९-१

**UG PROGRAMMES**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B.A. (Bachelor of Arts) | B.Sc. (Bachelor of Science Bio/ Maths) | B.Sc. (Data Science) | B.Sc. (Cyber Security) | B.Com. (Bachelor of Commerce) | Bachelor of Library Information Science (B.LI.Sc) | Bachelor of Journalism (BJ) | BBA (Bachelor of Business Administration) Hons. | BCA (Bachelor of Computer Application) Hons. | B.Ed. (ODL)* | B.Ed.(Special Education-Distance Education) * |

**PG PROGRAMMES**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| M.B.A. (General) | M.B.A. (Lateral Entry) | M.B.A. (MM) | M.A. (Hindi Lit.) | M.A. (English Lit.) | M.A. (Political Science) | M.A. (Economics) | M.A. (Sociology) | M.A. (History) | M.A. (Geography) | MSW |
| Master of Journalism (MJ) | M.Sc. (Cyber Security ) | M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Maths) (Physics) | M.Sc. (Chemistry) (Zoology) | M.Ed Spl. Ed. (ID/VI/HI/LD) | M.B.A. (STEM) | M.Sc. (IT) | M.Com | MCA | MCA (Lateral Entry) |

**PG DIPLOMA PROGRAMMES**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Cyber Security. | Management Logistics and Supply Chain Mgt. | Event Management | Energy Management | Rehabilitation Psychology | Tribal Development | Fintech | Artificial Intelligence and Data Science |

**DIPLOMA PROGRAMMES**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Diploma in Business Administration (DBA) | Diploma in Management (DIM) | Diploma in Computer Application (DCA) | Diploma in Nutrition and Health Education (DNHE) | Ramcharitra manas se samajik vikas (RSSM) | Diploma in Logistics and Supply Chain Management (DLSCM) | Diploma in Tribal Development (DTD) | Diploma in Travel and Tourism (DTT) | Diploma in Rural Management (DRM) | Diploma in Event Management (DEVM) | Diploma in Energy Management (DEM) |
| Diploma in Cyber Security (DCS) | Diploma in Data Science. (DDS) | Diploma in AI & Data Science (DADS) | Diploma in Bhagwat Geeta | D.El.Ed. (ODL) * | | | | | | |



**CERTIFICATE PROGRAMMES**

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Human Rights (CHR) | Rural Development (CRD) | Indian Literature. | Written and Spoken Sanskrit. | Introduction to Vedas | Indic Philosophy | Ayurvedic Dietetics | Indian Education and Holistic Development. | Basics of Intellectual Property Rights. | Indian Cultural Heritage. | Introduction to Yoga Nidra | Foundation Course (Special Education) | Sociology of Gerontology | Mushroom Production / Organic Farming | Medicinal Plants: from Traditional use to sustainable |

M.P.Madhyam/117252/2024

प्रवेश फार्म लिंक
https://mpbou.mponline.gov.in/Portal/Services/BHOJ/NEW_STUDENT/frmCourseNewAdmission.aspx?CRS=UG

डॉ. शैलेन्द्र सिंह उपनिदेशक – 6306354959, डॉ. शैलेन्द्र कौशिक, सहायक निदेशक – 9340013450

राजा भोज मार्ग, चूना भट्टी, कोलार रोड, भोपाल – 462016 | दूरभाष : 0755-2492093, 2424660

**https://mpbou.edu.in**

प्रवेश हेतु जानकारी के लिए

https://mpbou.mponline.gov.in/portal/services_bhoj.aspx

R-50241/2024



श्रीकेंवरतारा छाजेड़ पारमार्थिक न्यास बड़वाह द्वारा संचालित

## श्रीकेंवरतारा इंस्टीट्यूट फॉर टीचर्स ट्रेनिंग मण्डलेश्वर, जिला-खरगोन

(राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन से संबद्धता प्राप्त)

**आवश्यकता है**

विश्वविद्यालय परिनियम-28 के अंतर्गत

| क्र. | पद | आवश्यकता |
|---|---|---|
| | बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु | |
| 01. | प्राचार्य | 01 |
| | सहायक प्राध्यापक | |
| 01. | शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में | 04 |
| 02. | शिक्षाशास्त्र विषय (गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भाषा) | 08 |
| 03. | स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा | 01 |
| 04. | ललित कला | 01 |
| 05. | प्रदर्शन कलाएं (संगीत/नृत्य/थिएटर) | 01 |

**योग्यता :** (एनसीटीई मापदंडों के अनुसार, वेतन एनसीटीई और यूजीसी मापदंडों के अनुसार) विज्ञापन दिनांक से **15 दिनों के भीतर** आवेदन करें।

**महाविद्यालय का पता : श्रीकेंवरतारा महाविद्यालय, श्रीनगर कॉलोनी, मण्डलेश्वर, तहसील महेश्वर, जिला-खरगोन (म.प्र.), पिनकोड-451221**

**मोबाइल : 7987864064, ई-मेल : shrikanwartaracollege060@gmail.com**

R-50239/2024



## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**

**3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)**

**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

**NOTICE INVITING TENDER FOR SQC CONSULTANCY**

**(E-Procurement Notice)**

**No.13579/22/D-12/SQC/MPRRDA/2024 Bhopal, Dated : 06.11.2024**

Online bids are invited from the consultants fulfilling the required qualification criteria for Supervision and Quality Control Consultancy of Rural Roads being constructed under PMGSY & Other Works for the following districts.

- **No. of Packages - 3**
  Name of Districts/PIU- Katni, Panna-1 & 2 & Vidisha-1 & 2.
- Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/ Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 2 of detailed NIT.

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from 17:30 hrs on **07.11.2024.**
2. Last date of Submission of bid is date **22.11.2024 upto 17.00 hrs.**
   Other details & conditions may be seen in the detailed NIT, Tender document for SQC of Roads and Bridge works August, 2020 (Updated upto 28.06.2021) on our Website **http://mptenders.gov.in.**

**CHIEF GENERAL MANAGER (Tender)**

M.P. Madhyam/117230/2024

**"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर, फीडबेक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।**

R-50236/2024



## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक 02, भोपाल**

**Mobile No. : 9425601534, ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com**

**क्र. मप्रपुआअविनि/706, 707/पवं/भोपाल-02/तशा/2024**

**भोपाल, दिनांक : 05.11.2024**

**प्रेस विज्ञप्ति**

''सीएम राईज़ योजना अंतर्गत शासकीय बालक उ.मा.वि. बैरसिया भोपाल में बाह्य विद्युतीकरण एवं लाईन शिफ्टिंग के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-14/2024-25 ऑनलाइन निविदा क्रमांक - MPPHCL/TENDER No- 2024_ MPPHC_380501_1) एवं सीएम राईज़ योजना अंतर्गत शासकीय कमला नेहरू उ.मा.वि., टी.टी. नगर, भोपाल में बाह्य विद्युतीकरण के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-15/2024-25 ऑनलाइन निविदा क्रमांक - MPPHCL/TENDER No- 2024_MPPHC_380532_1) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 18.11.2024 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/117259/2024 R-50238/2024 **परियोजना यंत्री**



## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-03, भोपाल-462003**

**Mobile No. : 9425601545, E-mail : mpphidcbpl3@gmail.com**

**क्र.-मप्रपुआअविनि/1057/पवं/भोपाल-03/तशा/2024 भोपाल, दिनांक : 04.11.2024**

**प्रेस विज्ञप्ति**

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण कार्य सी.एम. राइज स्कूल अकोदिया, जिला शाजापुर में 11/0.4 KV, 1×200 KVA शिरोपरी लाइन का कार्य हेतु निविदा क्रमांक-07/2024-25 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-2024_ MPPHC_379916_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 14.11.2024 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/117209/2024 R-50235/2024 **परियोजना यंत्री**


## जिला अस्पताल को श्रेष्ठ उपचार का केन्द्र बनाएं

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने जिला चिकित्सालय रीवा के सभागार में अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला अस्पताल में उपचार की आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध हैं। नए ओपीडी भवन का निर्माण पूरा होने के बाद सुविधाओं में और वृद्धि होगी। अस्पताल की सुविधाओं का पूरा उपयोग करके श्रेष्ठ उपचार का केन्द्र बनाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन शासन के निर्देशों के अनुरूप 70 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं। इससे बुजुर्ग रोगियों को हर साल पाँच लाख रुपये के उपचार की सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में दो चरणों में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए। इनमें चिह्नित गंभीर रोगियों के उपचार का लगातार फॉलोअप करें। प्रत्येक चिह्नित रोगी को उपचार की पूरी सुविधा दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का चिह्नांकन करने के लिए जिले में अभियान चलाएं।


## M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

**(Government of Madhya Pradesh Undertaking)**

**Regional Office, Indore, 101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road Indore - 452007 (M.P.), Phone : (0) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629**

**E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in**

**GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850**

**No. MPIDC/R.O./IND/Tech/2024/15129 Date : 04.11.24**

**NOTICE INVITING TENDER**

Tender for the following works have been proceeded on the e-procurement system – **http://www.mptenders.gov.in** as mention below -

| S. No. | Name of work | PAC (Rs. in Lacs) | Cost of Tender Form | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Operation & Maintenance of water supply scheme, street light network, sewer line, storm water drain and administrative building housekeeping at I/A Namkeen cluster Indore for a period of two years. | Rs. 22.08 lacs | Rs. 5900 i/c GST | Rs. 44160/- |
| 2 | Operation & Maintenance of water supply scheme, sewer line, storm water drain and street light at I/A Electronic complex Indore for a period of two years. | Rs. 14.43 lacs | Rs. 2360 i/c GST | Rs. 28860/- |

The Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased after publication in newspaper within 7 working days from website – **http://www.mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/117197/2024 R-50234/2024 **EXECUTIVE ENGINEER**



## MADHYA PRADESH INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORN. LTD.

**(A Government of M.P. Undertaking)**

**Regional Office - Tawa Complex, Bittan Market, E-5, Arera Colony, Bhopal (M.P.)**

**Phone : (0) +917552420301-2-3**

**Date : 08.11.2024**

**NOTICE INVITING TENDERS FOR YEAR-2024-25**

Online Tenders for the following works are invited on the E-procurement System portal **www.mptenders.gov.in** as detailed below :-

| NIT No. | Subject | EMD | Tender Fees |
|---|---|---|---|
| 46 | Construction of CC Approach road at undeveloped land of village Pipalner near Airport Bhopal District Bhopal M.P. 3rd call | 50,000.00 | 5900.00 |
| 47 | Construction of MPIDC Office Building at Mandideep District Raisen (M.P.) 2nd call | 4,17,700.00 | 17700.00 |
| 48 | Supply of Manpower Services on outsourcing basis For MPIDC Regional Office – Bhopal (M.P.) | 53,660.00 | 11800.00 |

Detailed NIT along with other details can be downloaded/viewed on above mentioned portal after **09.11.2024 10:30 Hrs.**

M.P. Madhyam/117307/2024 R-50242/2024 **EXECUTIVE ENGINEER**

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./13613/22/D-12/MPRRDA/2024 Bhopal, Dated : 06.11.2024

### NOTICE INVITING TENDER No. 1206 (PM-JANMAN) (Batch-II & III, Year-2024-25)

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below:-

- **Name of Work : Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction.**
- **SSR Applicable : SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority, effective from 01.01.2024 and amended upto issue date of NIT.**
- **Table-1 : PM-JANMAN-Batch-II**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | No. of Road | Total Length (in kms) | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Anuppur | 3 | 10 | 24.62 | 154055000/- |
| 2. | Ashoknagar | 5 | 5 | 13.20 | 93201685/- |
| 3. | Balaghat | 2 | 5 | 12.90 | 88870000/- |
| 4. | Chhindwara | 6 | 8 | 36.60 | 238809000/- |
| 5. | Guna | 1 | 3 | 2.98 | 17543000/- |
| 6. | Gwalior | 1 | 1 | 1.25 | 7636984/- |
| 7. | Jabalpur | 1 | 1 | 3.10 | 19589044/- |
| 8. | Katni | 1 | 1 | 3.50 | 24960511/- |
| 9. | Morena | 1 | 1 | 1.50 | 9825505/- |
| 10. | Shivpuri | 5 | 7 | 14.45 | 90025493/- |
| 11. | Sidhi | 2 | 5 | 11.10 | 70005000/- |
| 12. | Umaria | 2 | 6 | 17.85 | 108766000/- |
| 13. | Vidisha | 3 | 6 | 7.39 | 52454000/- |

- **Table-2 : PM-JANMAN-Batch-III**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | No. of Road | Total Length (in kms) | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Anuppur | 4 | 20 | 41.31 | 243289000/- |
| 2. | Ashoknagar | 5 | 6 | 8.90 | 63630009/- |
| 3. | Balaghat | 3 | 10 | 21.82 | 143540000/- |
| 4. | Chhindwara | 4 | 4 | 17.60 | 119896000/- |
| 5. | Datia | 1 | 1 | 1.65 | 11697023/- |
| 6. | Guna | 1 | 1 | 0.58 | 4061000/- |
| 7. | Jabalpur | 1 | 1 | 2.35 | 16272072/- |
| 8. | Narsinghpur | 1 | 1 | 3.10 | 20457651/- |
| 9. | Shahdol | 2 | 3 | 6.10 | 33973753/- |
| 10. | Shivpuri | 2 | 2 | 6.00 | 47137000/- |
| 11. | Sidhi | 9 | 19 | 53.53 | 355821000/- |
| 12. | Singrauli | 8 | 8 | 28.42 | 189104603/- |
| 13. | Umaria | 2 | 4 | 12.90 | 80955000/- |
| 14. | Vidisha | 1 | 1 | 2.20 | 16304000/- |

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the website which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchase online from **13.11.2024 (17:30 hrs.)** and last Date for online bid submission is **09.12.2024 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/117249/2024 R-50237/2024

## गांधीसागर समूह जलप्रदाय योजना बनेगी 920 ग्रामों के लिये वरदान

**मंदसौर,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंदसौर जिले में 1211.56 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रही गांधी सागर समूह जल प्रदाय योजना से 920 ग्रामों के लिए वरदान बनेगी। योजना से 2 लाख 40 हजार परिवारों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी। आगामी दिसम्बर 2024 तक योजना पूर्ण की जाकर घर-घर नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करवाया जायेगा। इससे ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी सुधार होगा। वर्तमान में योजना का 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना से न सिर्फ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, बल्कि इससे रोज़गार के अवसर भी बढ़ेंगे एवं सामुदायिक सहभागिता से ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने बताया कि पहले जहां हर साल गर्मी में पानी की गंभीर कमी होती थी और लोग जलस्रोतों के सूखने के कारण पानी की समस्या से जूझते थे, वहीं अब गांधीसागर बांध से जल आपूर्ति का एक स्थिर रास्ता तैयार किया जा रहा है। इस योजना से जल जीवन मिशन के उद्देश्यों को साकार किया जा रहा है।

### समुदाय की सहभागिता और रोज़गार सृजन

गांधीसागर जलप्रदाय योजना का उद्देश्य न सिर्फ पानी की आपूर्ति करना है, बल्कि स्थानीय समुदायों को सक्रिय रूप से शामिल करना भी है। इस योजना के तहत 1200 से अधिक श्रमिकों को रोज़गार मिल चुका है और योजना के पूरा होने पर भी अन्य कई लोगों को रोज़गार मिलेगा। इस योजना के समुचित संचालन के लिये ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समितियों का गठन किया जाएगा, जिसमें 50 प्रतिशत महिलाएं और 25 प्रतिशत एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधि होंगे। ये समितियां जल आपूर्ति और इसके प्रबंधन में सक्रिय भागीदारी निभाएंगी, जिससे जल संकट का स्थायी समाधान और ग्रामीणों की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित होगी।

## 'प्रसव-प्रतीक्षालय' की पहल स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में सहायक

**इंदौर,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री अरविंदो यूनिवर्सिटी इंदौर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 'प्रसव-प्रतीक्षालय' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और मध्यप्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं को क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा रहा है। मेडिकल टूरिज्म डेवलपमेंट करने की सोच विकसित हो रही है। प्रसव-प्रतीक्षालय की पहल स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। प्रसव-प्रतीक्षालय का नवाचार अभिनव पहल है। प्रसव-प्रतीक्षालय से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र की प्रसूता महिलाओं एवं उनके परिजनों को समय पर स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रसव-प्रतीक्षालय की यह नवाचारी पहल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध होगी। इस प्रयास को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अरविंदो अस्पताल प्रबंधन का चिकित्सा सेवा भाव अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को गोद लेने की डॉ. विनोद भंडारी की पहल का स्वागत करते हुए शासन की ओर से हर संभव सहयोग के लिये आश्वास्त किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को डॉ. भंडारी ने स्मृति-चिह्न भेंट किया।

कार्यक्रम में अरविंदो हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. भंडारी ने बताया कि भंडारी समूह एवं श्री अरविंदो विश्वविद्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सिविल अस्पतालों में शिशु-मातृ मृत्यु दर कम करने के लिए राज्य शासन के साथ काम करेंगे। शासन के एनआरएचएम के साथ ट्रेनिंग प्रोटोकॉल का विस्तृत मॉडल प्रोजेक्ट तैयार कर सबसे पहले इंदौर और उज्जैन में शुरू किया जाएगा। अल्ट्रा मॉडर्न सुविधाओं एवं संसाधनों से युक्त प्रसव-प्रतीक्षालय में गर्भवती महिलाओं को प्रसव के एक से दो सप्ताह पूर्व से ही वर्तमान समय की श्रेष्ठतम सुविधाएं एवं सहूलियतें 'अरविंदो अस्पताल प्रोटोकाल' के तहत प्रदान की जाएंगी। डॉ. भंडारी ने बताया कि प्रसव-प्रतीक्षालय में जैसे ही कोई महिला प्रसव के लिए एडमिट होगी, उसकी 24 घंटे सतत निगरानी के साथ सभी तरह की सावधानियां रखनी शुरू कर दी जाएंगी।

## मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

(म.प्र. विधानसभा अधिनियम 1991 के अंतर्गत स्थापित)
(नैक द्वारा "A" ग्रेड प्रदत्त)
राजा भोज मार्ग (कोलार रोड), भोपाल-462016

क्रमांक 8312 दिनांक 09.11.2024

### सलाहकारों एवं मल्टी स्किल असिस्टेंट की नियुक्तियों हेतु विज्ञापन (पूर्णत: अस्थाई)

विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केन्द्र (CIQA) में प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं CIQA के कार्यों हेतु सलाहकार, कुल 04 पदों, कनिष्ठ सलाहकार कुल 02 एवं मल्टी स्किल असिस्टेंट कुल 04 हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित हैं। यह नियुक्ति पूर्णत: अस्थायी एक वर्ष हेतु (अधिकतम तीन वर्ष) के लिए होगी। किसी भी पद पर आवेदन को मान्य/अमान्य करने व समग्र विज्ञापन निरस्त करने का अधिकार विश्वविद्यालय सुरक्षित रखता है। पदों की योग्यता, आवेदन का प्रारूप, मानदेय एवं चयन प्रक्रिया आदि विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://mpbou.edu.in/** पर उपलब्ध है। निर्धारित प्रारूप में आवेदन दस्तावेजों के साथ **अंतिम तिथि 02.12.2024 तक** कुलसचिव, म.प्र. भोज मुक्त विश्वविद्यालय, राजा भोज मार्ग (कोलार रोड) भोपाल, म.प्र.-462016 को प्राप्त हो जाने चाहिए। आवेदक, फार्म स्वयं जमा कर सकते या डाक द्वारा प्रेषित कर सकते हैं। किसी भी कारण से अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

म.प्र. माध्यम/117315/2024 कुलसचिव

R-50249/2024

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र.)

क्र./स्था.शा./2024/3812 सिहोरा, दिनांक : 30.10.2024

### विज्ञापन

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर की रिट याचिका क्रमांक 7275/2019 में पारित आदेश दिनांक 30.01.2024, म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-19/2019/आ.प्र./1 दिनांक 14.02.2024 एवं म.प्र. शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के पत्र क्रमांक/676/16017123/2023/18-1 दिनांक 16.02.2023, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक/स्था/एक/201/प्र.शि./2024/3780 भोपाल दिनांक 26.02.2024 तथा मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, के पत्र क्रमांक एफ 8-2/2013/आ.प्र./एक. भोपाल दिनांक 04.01.2024 एवं अन्य पत्रों में दिये गये निर्देशानुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिए स्वच्छता संरक्षक के आरक्षित पद/पदों की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। इस हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी नीचे दर्शाये गये निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र भर कर **दिनांक 18.11.2024 कार्यालयीन समय 05:30 सायंकाल तक** आवेदन-पत्र प्रेषित करें। निर्धारित समयावधि में आवेदन पत्र प्राप्त न होने की स्थिति में उन पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक के माध्यम से विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र के लिए निकाय/कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। दिव्यांगजनों हेतु आरक्षित रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता एवं वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नानुसार है:-

| सरल क्र. | पद का नाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित वर्गवार रिक्तियां | | | | निर्धारित योग्यता | वॉक-इन-इंटरव्यू |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टिबाधित और कमदृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित हैं, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटेक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी | ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता | | |
| 1. | सफाई संरक्षक (संविदा भर्ती) | चतुर्थ | मानदेय 8000.00 | 0 | 01 | 02 | 0 | पांचवीं उत्तीर्ण (एक वर्ष का अनुभव सहित) | वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि की सूचना पृथक से प्रकाशित की जावेगी। |
| 2. | सफाई संरक्षक (सीधी भर्ती) | चतुर्थ | 4440-7440 ग्रेड पे 1300.00 | 0 | 01 | 01 | 0 | पांचवीं उत्तीर्ण | |

**मुख्य शर्तें :-** नियम एवं शर्तें तथा आवेदन का प्रारूप निकाय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है, जिसका अवलोकन आवेदक कर सकते हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, सिहोरा**

आर-50226/2024

## कार्यालय प्रमुख अभियंता
## जल संसाधन विभाग, भोपाल

**ईमेल - ce.tender.wrdmp@gmail.com, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406**

**निविदा सूचना क्रमांक-1110/2024-25/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/** **भोपाल, दिनांक : 04.11.2024**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.11.2024 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_ WRD_ 379926 | टर्न की पद्धति पर :- कान्ह नदी पर 05 स्टॉप डेम का निर्माण, (ग्राम ब्राम्हणपिपलिया, दर्जीकराडिया, कुडाना, कायस्थखेड़ी, शाहदा) एवं क्षिप्रा एवं लोहार नदी पर 04 घाटों का निर्माण (ग्राम फरसपुर, मुण्डी, पिवड़ाय एवं सिवनी) एवं जय जयवंती नदी पर ग्राम आक्या में रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य परंतु उस तक सीमित नहीं। | इंदौर | 1581.85 |

**जी-18649/50246/2024** **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री

## लोक निर्माण विभाग, कला मंदिर रोड स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)

**एनआईटी नं. 22/2024/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/CE/Building/2707** रीवा, दिनांक : 25.10.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 1. सब जेल मऊगंज जिला-मऊगंज की आवास क्षमता में वृद्धि कर अतिरिक्त आवासगृहों का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

| पोर्टल टेंडर आई.डी. | जिला | ठेके की अनु. राशि (पीएसी रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PWPIU_379920_1 | रीवा | 1553.71 | 1000000/- | 30000/- | 18 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 30.10.2024 समय 10.00 AM से **दिनांक 15.11.2024** समय 6.00 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**जी-18526/50227/2024** **लोक निर्माण विभाग, रीवा (म.प्र.)**

## कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा

## भोपाल मण्डल भोपाल पुराना सचिवालय भोपाल

**दूरभाष : 0755-2738774, E-Mail ID : seresbhopal@mp.gov.in**

### निविदा विज्ञप्ति क्र. - 03/2024-25

**क्रमांक 1885** **दिनांक : 05.11.2024**

मण्डल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ग्रायांसे संभागीय कार्यालय | सिस्टम टेन्डर नंबर | आमंत्रण का क्रम | कार्य का नाम | निर्माण कार्यों की अनु. लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विदिशा | 2024_RES_378054_1 | प्रथम | आनंदपुर बाईपास निर्माण आनंदपुर-रहीमपुर-आरोन मार्ग के कस्बा आनंदपुर के पीछे से होते हुए आनंदपुर-परवरिया-काछीखेड़ा मार्ग के जोड़ तक बायपास निर्माण पंचायत आनंदपुर ब्लॉक लटेरी जिला विदिशा | 255.15 |
| 2. | राजगढ़ | 2024_RES_378056_1 | प्रथम | 1. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल लश्करपुरा में (A) अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (B) अटल लेब हेतु कक्ष निर्माण कार्य। 2. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल तलेन में (A) कबड्डी/वॉलीबॉल/खोखो खेल हेतु मैदान का निर्माण कार्य वि.खं. नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ | 33.33 |
| 3. | राजगढ़ | 2024_RES_378060_1 | प्रथम | 1. शासकीय बालक हायर सेकेण्ड्री स्कूल सुठालिया में (A) अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (B) अटल लेब हेतु कक्ष निर्माण कार्य (C) कबड्डी/वालीबॉल फुटबॉल हेतु मैदान का निर्माण कार्य 2. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल लखनवास में (A) कबड्डी/खोखो खेल मैदान का निर्माण कार्य वि.खं. ब्यावरा जिला राजगढ़ | 37.90 |
| 4. | राजगढ़ | 2024_RES_378061_1 | प्रथम | 1. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल कोड़ियाजरगर (A) अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (B) अटल लेब हेतु कक्ष निर्माण कार्य (C) कबड्डी/वालीबॉल/फुटबॉल हेतु मैदान का निर्माण कार्य वि.खं. राजगढ़ जिला राजगढ़ | 33.33 |
| 5. | राजगढ़ | 2024_RES_378062_1 | प्रथम | 1. बालक हायर सेकेण्ड्री स्कूल सण्डावता में (A) अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (B) अटल लेब हेतु कक्ष निर्माण कार्य (C) कबड्डी/वालीबॉल/बैडमिंटन हेतु मैदान का निर्माण कार्य वि.खं. सारंगपुर जिला राजगढ़ | 33.33 |
| 6. | राजगढ़ | 2024_RES_378064_1 | प्रथम | 1. माध्यमिक विद्यालय ग्रुप सारंगपुर में (A) अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (B) टेबल टेनिस कक्ष निर्माण कार्य (C) कबड्डी/वालीबॉल/बैडमिंटन हेतु मैदान का निर्माण कार्य 2. हायर सेकेण्ड्री स्कूल भ्याना में (A) अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य वि.खं. सारंगपुर जिला राजगढ़ | 37.57 |
| 7. | राजगढ़ | 2024_RES_378065_1 | प्रथम | 1. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल नांदनी में (A) अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (B) अटल लेब हेतु कक्ष निर्माण कार्य वि.खं. जीरापुर जिला राजगढ़ | 28.76 |
| 8. | राजगढ़ | 2024_RES_378066_1 | प्रथम | 1. शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल खाजली में (A) अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (B) अटल लेब हेतु कक्ष निर्माण कार्य (C) कबड्डी/वॉलीबॉल/बैडमिंटन हेतु मैदान का निर्माण कार्य वि.खं. खिलचीपुर जिला राजगढ़ | 33.33 |
| 9. | राजगढ़ | 2024_RES_378068_1 | प्रथम | CMGSY योजनांतर्गत तखतपुरा (PMGSY Road) से सेमलीकांकड़ तक ग्रेवल सड़क का शेष कार्य वि.खं. खिलचीपुर जिला राजगढ़ | 25.47 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय प्रारंभ करने की तिथि 11.11.2024 समय 18.00 बजे है। निविदा (बिड) प्रपत्र प्रस्तुत करने का **अंतिम दिनांक 25.11.2024** समय 18.00 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाइट पर दी जावेगी। पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**अधीक्षण यंत्री**
**जी-18537/50228/2024** **ग्रामीण यांत्रिकी सेवा भोपाल मण्डल भोपाल**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री

## लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 ग्वालियर

**फोन नं. 0751-2371231, ईमेल : eepwd1gwl@mp.nic.in**

**निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 12/टी.सी./डी-1 ग्वा./2024-25** **दिनांक : 18.10.2024**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्र. 12 ग्वालियर दिनांक 18.10.2024 द्वारा प्रचलित भवन/सड़क कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 01.01.2024/25.03.2022 पर निविदायें लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती हैं जिसका सम्पूर्ण विवरण **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली परिवर्तन की सूचना वेबसाइट पर ही देखें पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी।

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 1. संभाग ग्वालियर अंतर्गत न्यू कलेक्ट्रेट से अलापुर तिराहा बाया सिरोल तिराहा मार्ग 2.70 कि.मी. ग्वालियर झांसी एजी पुल से विक्की फैक्ट्री मार्ग 5 कि.मी. एवं गांधी मार्ग 4.20 कि.मी. कुल लंबाई 11.90 कि.मी. मार्ग पर व्हाईट टॉपिंग का कार्य।

| टेण्डर आई.डी. | (1) ठेके की अनु. लागत राशि रु. (2) अमानत राशि | टेण्डर फार्म की राशि (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | पंजीयन श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 2024_PWPRB_377066_1 | 1. 3349.58 लाख 2. 1674790/- | 50000/- + (पोर्टल चार्ज) | 18 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |

कुल कार्य संख्या - 01 (एक)

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 17.10.2024 प्रातः 10.30 |
| ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | **12.11.2024 सायं 17.30** |
| ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि | 14.11.2024 प्रातः 11.00 |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं।

**कार्यपालन यंत्री**
**जी-18569/50230/2024** **लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1 ग्वालियर**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सरदारपुर

## जिला-धार (म.प्र.)

**दूरभाष : 07296-245865, ई-मेल : eephedsardha@mp.gov.in**

**नि.सू.क्र. 02/2024-25** **सरदारपुर, दिनांक : 07.11.2024**

### तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं ई-टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत आमंत्रित किये जाने हेतु विभागीय इंटरनेट साइट पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in/** खंड सरदारपुर अंतर्गत विभिन्न विकासखण्डों में रजिस्ट्रीविटी सर्वे, कार्य हेतु निर्धारित प्रक्रिया संपादित की गई है :–

| सिस्टम टेन्डर क्र. | विकासखंड | निविदा लागत रु. लाख में | धरोहर राशि रु. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में | ठेकेदारों की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PHED_380309_1 | मनावर एवं गंधवानी | 3.54 | 7,080/- | 2,000/- | म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन एवं भू-जलविद का पंजीयन म.प्र. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 2024_PHED_380310_1 | निसरपुर एवं डही | 3.54 | 7,080/- | 2,000/- | | |
| 2024_PHED_380311_1 | सरदारपुर | 3.54 | 7,080/- | 2,000/- | | |
| 2024_PHED_380308_1 | कुक्षी एवं बाग | 3.54 | 7,080/- | 2,000/- | | |

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि | : 14.11.2024 17.30 बजे |
| ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि | : 14.11.2024 17.30 बजे |
| ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि | : 18.11.2024 11.00 बजे |

**नोट :**– निविदा प्रपत्र सिर्फ उपरोक्त इंटरनेट साइट पर ऑनलाइन पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अकाउण्ट एवं आय.टी.जेड कैश कार्ड के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। विस्तृत निविदायें एवं अन्य विवरण उपरोक्त लिखित पोर्टल पर देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**जी-18623/50233/2024** **खण्ड सरदारपुर जिला-धार (म.प्र.)**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री

## लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)

**निविदा सूचना क्रमांक 05-डी.एल./2024-25** **बैतूल, दिनांक : 06.11.2024**

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**स.क्र. एवं कार्य का नाम :**– 1. बैतूल स्टेशन मार्ग पर व्हाइट टॉपिंग का कार्य। लंबाई 2.00 कि.मी.।

| टेण्डर नंबर | जिला | कार्य का प्रकार | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनु. राशि (लाख में) | अमानत राशि | समयावधि | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PWDRB_380490_1 | बैतूल | सड़क कार्य | द्वितीय आमंत्रण | 260.37 | 2,60,370/- | 08 माह (वर्षाकाल सहित) | EMD and all Documents Submission Online Only. |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 19.11.2024 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**जी-18660/50245/2024** **लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)**




### राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान

**पद का नाम** - निदेशक
**पदों की संख्या** - 01
**योग्यता** - उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड के साथ पेट्रोलियम अभियांत्रिकी या रासायनिक अभियांत्रिकी या यांत्रिक अभियांत्रिकी या औद्योगिक अभियांत्रिकी या भू-विज्ञान में पूर्ववर्ती डिग्री या समकक्ष के साथ पीएच.डी. की उपाधि। साथ ही किसी प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्षों का कार्य अनुभव और पीएच.डी. छात्रों का मार्गदर्शन किया हो।
**अंतिम तिथि** - 15 नवंबर, 2024
**वेबसाइट** - https://www.rgipt.ac.in

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश

**पद का नाम** - कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर
**पदों की संख्या** - 7401
**योग्यता** - बी.एससी. नर्सिंग या पोस्ट बी.एससी. नर्सिंग उत्तीर्ण किया हो या इंडियन नर्सिंग काउंसिल या राज्य नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्युनिटी हेल्थ फॉर नर्स का सर्टिफिकेट हो।
**अंतिम तिथि** - 17 नवंबर, 2024
**वेबसाइट** - https://upnrhm.gov.in

### प्रतिभूति कागज कारखाना, नर्मदापुरम

**पद का नाम** - कल्याण अधिकारी, पर्यवेक्षक (उत्पादन/लैब), पर्यवेक्षक (तकनीकी संरक्षा), पर्यवेक्षक (विद्युत)
**पदों की संख्या** - 06
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 18 नवंबर, 2024
**वेबसाइट** - https://spmnarmadapuram.spmcil.com

### राजस्थान लोक सेवा आयोग

**पद का नाम** - कृषि अनुसंधान अधिकारी, सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी
**पदों की संख्या** - 241
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 19 नवंबर, 2024
**वेबसाइट** - https://rpsc.rajasthan.gov.in

### दक्षिण पश्चिम रेलवे

**पद का नाम** - खेल कोटे के तहत भर्ती
**पदों की संख्या** - 46
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 19 नवंबर, 2024
**वेबसाइट** - https://www.rrchubli.in

### गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड

**पद का नाम** - ट्रेड अप्रेंटिस (पूर्व आईटीआई), ट्रेड अप्रेंटिस (फ्रेशर), स्नातक अप्रेंटिस, टेक्निशियन अप्रेंटिस, एचआर ट्रेनी
**पदों की संख्या** - 236
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 17 नवंबर, 2024
**वेबसाइट** - https://www.grse.in/career

### भारतीय प्रबंधन संस्थान तिरुचिरापल्ली

**पद का नाम** - वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी, प्लेसमेंट अधिकारी, हिंदी अधिकारी (राजभाषा), हिंदी पर्यवेक्षक
**पदों की संख्या** - 04
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 15 नवंबर, 2024
**वेबसाइट** - https://www.iimtrichy.ac.in

### भारतीय बंदरगाह संघ

**पद का नाम** - सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कार्यकारी
**पदों की संख्या** - 33
**योग्यता** - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों या संस्थानों से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री
**अंतिम तिथि** - 15 नवंबर, 2024
**वेबसाइट** - http://www.ipa.nic.in

### राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, गुवाहाटी

**पद का नाम** - प्रदर्शनी सहायक-ए, तकनीकी सहायक-ए (कम्प्यूटर विज्ञान), तकनीकी सहायक-ए (मैकेनिकल)
**पदों की संख्या** - 03
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 18 नवंबर, 2024
**वेबसाइट** - https://www.rscguwahati.gov.in/adv.htm

### भारतीय रिज़र्व बैंक नोट मुद्रण (प्रा.) लिमिटेड

**पद का नाम** - सहायक महाप्रबंधक (ईआरपी), उप प्रबंधक
**पदों की संख्या** - 05
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 15 नवंबर, 2024
**वेबसाइट** - https://www.brbnmpl.co.in

### विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

**पद का नाम** - परियोजना विश्लेषक-पीएफएमएस
**पदों की संख्या** - 01
**योग्यता** - स्नातक
**अंतिम तिथि** - 16 नवंबर, 2024
**वेबसाइट** - https://www.ugc.gov.in

### राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, असम

**पद का नाम** - प्रधान डिजाइनर/प्रोफेसर, वरिष्ठ संकाय/एसोसिएट प्रोफेसर, संकाय/डिजाइनर, वरिष्ठ डिजाइन प्रशिक्षक
**पदों की संख्या** - 09
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 17 नवंबर, 2024
**वेबसाइट** - https://nidj.ac.in

## स्कॉलरशिप अलर्ट

### एसबीआईएफ आशा छात्रवृत्ति-2024

**संस्थान का नाम** - एसबीआई फाउंडेशन
**योग्यता** - इस छात्रवृत्ति के लिए कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र, शीर्ष 100 एनआईआरएफ विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र आवेदन कर सकते हैं।
**छात्रवृत्ति राशि** - 7.5 लाख रुपये तक
**अंतिम तिथि** - 20 नवंबर, 2024
**वेबसाइट** - https://www.sbifashascholarship.org

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

हमारा जिला सीधी

# वनस्पतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विविधताओं का केन्द्र है सीधी

**मध्यप्रदेश विविधता से समृद्ध है। प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है, क्षमता है और दक्षता है। यहां का प्रत्येक जिला अपना इतिहास, कला, संस्कृति, परंपरा, उपज, जलवायु, खनिज और अन्य क्षेत्रीय विशेषताएं लिए हुए हैं। 'रोज़गार और निर्माण' के हमारा जिला स्तम्भ में हम मध्यप्रदेश के जिलों से आपको परिचित करवा रहे हैं। इस अंक में प्रस्तुत है सीधी जिले का परिचय-**



सीधी जिला मध्यप्रदेश का जनजातीय बाहुल्य जिला है। यह रीवा संभाग में शामिल है। जिला मुख्यालय सीधी शहर में है। यह जिला मध्यप्रदेश राज्य के गौरवपूर्ण इतिहास का प्रतिबिंब है, यह राज्य की उत्तर-पूर्वी सीमा बनाता है। जिला प्राकृतिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक इतिहास से समृद्ध है। यह जिला सोन नदी के साथ शानदार प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता है। यहां कोयले के भंडार हैं। एक तरफ इस क्षेत्र में वनस्पति, सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता और जनजातीय इतिहास का स्पेक्ट्रम है, वहीं दूसरी तरफ जिले में कैमूर, केहजुआ और रानीमुंडा पहाड़ियों का मनोरम दृश्य है जो जंगल के फूलों से जगमगाता है। घने जंगल महुआ के फूलों की मीठी गंध से सराबोर हो जाते हैं।

सीधी जिले में 7 तहसीलें शामिल हैं- बहरी, चुरहट, गोपद बनास, रामपुर नैकिन, मझौली, कुसमी और सिहावल। इस जिले में चार विधानसभा क्षेत्र हैं, चुरहट, सीधी, सिहावल और धौहनी। ये सभी सीधी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं।

### सिहावल एवं बघोर पुरापाषाण अवशेष क्षेत्र

इस जिले के सिहावल एवं बघोर क्षेत्र में खुदाई से उच्च पुरापाषाण काल (लगभग 40 हजार वर्ष प्राचीन) से संबंधित औजारों के अवशेष प्राप्त हुए हैं। सोन घाटी का यह क्षेत्र पुरातात्विक शोध के क्षेत्र में विशेष महत्व रखता है।

### चंद्रेह शैव मंदिर तथा मठ

जिले के रामपुर नैकिन में चंद्रेह ग्राम में 972 ई. में निर्मित प्राचीन शैव मंदिर तथा मठ स्थित है। यह मंदिर चेदि शासकों के गुरु प्रबोध शिव, जो मत्त-मयूर नामक प्रसिद्ध शैव संप्रदाय से संबंधित थे, उन्होंने स्थापित किया था। मंदिर साधना तथा शैव सिद्धांत को जानने-समझने का प्रमुख केन्द्र रहा है। मंदिर बालुका पत्थर से निर्मित है, यहीं एक मठ भी है जिसमें इसके निर्माण काल से संबंधित दो प्राचीन संस्कृत शिलालेख हैं। इस संप्रदाय द्वारा अनेक मंदिर स्थापित किये गये जिनमें कदवाहा मंदिर, अशोकनगर तथा सुरवाया मंदिर, शिवपुरी प्रमुख है। चंद्रेह शैव मंदिर सोन एवं बनास नदी के संगम के निकट स्थित है जो वर्तमान में भारतीय पुरातात्विक सर्वे द्वारा संधारित है।

### भाषाएं तथा बोलियां

हिंदी अपने क्षेत्रीय अंतरों एवं बोलियों के साथ इस क्षेत्र की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। सीधी में बोली जाने वाली बोलियों में सर्वप्रमुख है बघेली जिसकी हिंदी भाषा के साथ शाब्दिक समानता लगभग 72 से 91 प्रतिशत तक है। इसके अतिरिक्त गोंडी, जो एक प्राचीन बोली है गोंड जनजाति के लोगों द्वारा बोली जाती है। लिपि सामान्यतः देवनागरी प्रयुक्त की जाती है।

### प्रमुख पर्यटन केंद्र

**संजय-दुबरी राष्ट्रीय उद्यान तथा टाइगर रिज़र्व-** जिले के जैव-विविधतापूर्ण वन क्षेत्र को संरक्षित करने की दृष्टि से संजय-दुबरी राष्ट्रीय उद्यान तथा टाइगर रिज़र्व की स्थापना 1975 में की गई। सदाबहार साल वनों का यह क्षेत्र 152 पक्षी, 32 स्तनधारी, 11 सरीसृप, 3 उभयचर तथा 34 मत्स्य प्रजातियों सहित अनेक जीवों विशेषकर बाघों का आश्रयस्थल है। सफेद बाघों में सबसे प्रथम बाघ 'मोहन' यहीं पाया गया था। बाघों के साथ ही यहां भालू, चीतल, नीलगाय, चिंकारा, सांबर, तेंदुआ, धोल, जंगली बिल्ली, हाइना, साही, गीदड़, लोमड़ी, भेड़िया, पाइथन, चौसिंघा और बार्किंग डियर पाए जाते हैं। संजय राष्ट्रीय उद्यान जो संजय-दुबरी टाइगर रजर्व का एक हिस्सा है, घूमने के लिए लोकप्रिय स्थान है।

**सोन घड़ियाल अभयारण्य-** सोन घड़ियाल अभयारण्य प्रोजेक्ट क्रोकोडाइल के अंतर्गत घड़ियाल संरक्षण एवं जनसंख्या वृद्धि के लिए स्थापित किया गया है। सोन नदी का 161 किलोमीटर, 23 किलोमीटर



बनास नदी एवं 26 किलोमीटर गोपद नदी का क्षेत्र मिलाकर कुल 210 किलोमीटर क्षेत्र को 1981 में अभयारण्य के रूप में घोषित किया गया था।

**बीरबल की जन्म स्थली-** बुद्धिमान, हाजिर जवाब, अकबर के नवरत्नों में मशहूर बीरबल का नाता सीधी जिले से है। उनका जन्म सीधी जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर स्थित घोघरा गांव में वर्ष 1528 में हुआ था। उनके पिता गंगादास और माता का नाम अनाभा देवी था। बीरबल के बचपन का नाम महेश प्रसाद था।

**रमदहा कुंड-** रमदहा कुंड कुसमी सोनगढ़ मार्ग के समीप मांच महुआ में घोका नाम नाला में एक अत्यंत रमणीक जल प्रपात है। घोका नाल का संरक्षित क्षेत्र के अंदर बसे ग्राम मझिगवां में उद्गम स्थल है।

### जिला एक नजर में

जनसंख्या : 11,26,515
(वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार)
भाषा : हिंदी
पुरुष : 5,77,091, महिला : 5,49,424



**गोपद दर्शन-** गोपद दर्शन कुसमी के समीप खरसोती के पास गोपद नदी का विहंगम दृश्य है, जहां से सिंगरौली जिले के सरई तहसील के ग्रामों का नजारा दिखाई देता है। गोपद नदी सीधी एवं सिंगरौली जिले की विभाजन सीमा है।

**कन्हैयादह-** कन्हैयादह परिक्षेत्र मोहन के अंतर्गत गरूलडांड में साथ नामक नाला में एक अत्यंत रमणीक जल प्रपात है। यहां पहुंचकर प्रकृति की मनोहारी अनुभूति होती है।

**बेटीदह-** बेटीदह बस्तुआ परिक्षेत्र के जामडोल ग्राम के पास स्थित अत्यंत रमणीक जल धारा है। यहां पानी की धार को पत्थरों पर अठखेलियां करते हुए देखना और उनके द्वारा चट्टानों को तराशते हुए देखना रोमांचक अनुभव है।

**ठोंगा मंदिर-** ठोंगा मंदिर मझौली तहसील मुख्यालय से पोड़ी रोड पर मझौली से 5 किलोमीटर एवं जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर की दूरी पर ठोंगा पहाड़ी पर चट्टानों की अद्भुत संरचना पर स्थित है। मंदिर का मनोरम नजारा लोगों के मन में जिज्ञासा उत्पन्न करता है। यह मंदिर पहाड़ों की पतली खड़ी चट्टान पर स्थित है।

**गिद्धा पहाड़-** गिद्धा पहाड़ मझौली से 12 किलोमीटर दूरी पर स्थित पहाड़ी क्षेत्र है। किसी समय इस क्षेत्र में गिद्धों की विभिन्न प्रजातियां निवास करती थीं। इस कारण से इसका नाम गिद्धा पहाड़ पड़ा। यहां अभी भी गिद्ध की अनेक प्रजातियां निवास करती हैं।

**राजागढ़ी-** राजागढ़ी मड़वास बफर क्षेत्र में स्थित है। यहां लगभग 200 वर्ष पूर्व बालेंद्र वंश के राजाओं की राजधानी के अवशेष मिलते हैं। इस गढ़ी के आस-पास देखने से विंध्य पर्वत मालाओं की श्रृंखलाएं अत्यंत सुंदर दिखाई देती हैं।

**भुईमाड़ गुफा-** संजय-दुबरी टाइगर रिजर्व के भुईमाड़ बफर के अंतर्गत भुइमाड़ से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित करीब 300 वर्ष प्राचीन गुफा है, स्थानीय मान्यताओं के अनुसार दूसरे राजाओं के आक्रमण के दौरान लोग शरण लेते थे।

**पन्ना पहाड़ी जल प्रपात-** जनपद रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम पंचायत भितरी के पन्ना पहाड़ी स्थित जल प्रपात जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पहाड़ी से गिरता पानी मनोरम दृश्य बनाता है।



परसिली रिसॉर्ट

परसिली रिसॉर्ट मझौली तहसील के पास सीधी मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूरी पर है। जिले के मझौली विकासखंड में बनास नदी के तट पर स्थित पर्सिली रिसॉर्ट में रेतीले तट हैं और चारो तरफ हरियाली है। यह संजय-दुबरी राष्ट्रीय उद्यान तथा टाइगर रिज़र्व के प्रारम्भ बिंदु पर स्थित है और बालू तट पर सैर, सफारी तथा पक्षी दर्शन के लिए प्रसिद्ध है।

- देवेन्द्र गोरे
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

## खेल चर्चा

### मानसी अहलावत ने विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में जीता कांस्य पदक

**तिराना,** भारत की युवा पहलवान मानसी अहलावत ने अल्बानिया में आयोजित विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। मानसी ने महिलाओं की 59 किलोग्राम भारवर्ग में कनाडा की लॉरिस ब्यूरेगार्ड को 5-0 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

मानसी अब सभी आयु वर्ग की विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय पहलवान बन गई हैं। इससे पहले मानसी ने वर्ष 2016 में अंडर-17 विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक, वर्ष 2018 में अंडर-20 विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक, वर्ष 2022 में अंडर-23 विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक और अब सीनियर वर्ग में कांस्य पदक जीता है।

ओलंपिक खेल-2036

# भारत ने किया मेजबानी का दावा

**नई दिल्ली,** भारत ने वर्ष 2036 में आयोजित होने वाले ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए औपचारिक रूप से कदम उठा लिया है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने एक अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की फ्यूचर होस्ट कमेटी को पत्र भेजकर ओलंपिक खेल-2036 की मेजबानी को लेकर इच्छा जताई है। ओलंपिक आयोजन के लिए मेजबान देश चुने जाने की प्रक्रिया 12 वर्ष पहले शुरू हो जाती है, ताकि मेजबानी हासिल करने वाले देश को इस खेल आयोजन की तैयारियों के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

खेल मंत्रालय ने बताया कि यह महत्वपूर्ण अवसर देश में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर पर्याप्त लाभ के अवसर लाएगा। भारत लंबे समय से ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष भारत में ओलंपिक खेल आयोजित किए जाने की सरकार की मंशा व्यक्त की थी, अब भारत ने इस दिशा में ठोस कदम उठाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने ओलंपिक खेल-2036 की मेजबानी के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारत के इस प्रस्ताव का आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने समर्थन किया है। हालांकि अगले वर्ष आईओसी के चुनाव होने है, चुनाव के बाद ही ओलंपिक-2036 की मेजबानी को लेकर फैसला होगा।

भारतीय ओलंपिक संघ ने बताया कि औपचारिक पत्र देने के बाद भारत मेजबान चुने जाने के अनौपचारिक संवाद से लगातार संवाद की स्थिति में पहुंच गया है। अब आईओसी संभावित मेजबान देश में खेलों से जुड़े प्रोजेक्ट और इंफ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता और प्रगति की जानकारी लेगा।



- यदि भारत को ओलंपिक-2036 की मेजबानी मिलती है, तो अहमदाबाद में हो सकता है इसका आयोजन।
- ओलंपिक खेलों की शुरुआत वर्ष 1896 में ग्रीस के एथेंस से हुई थी।
- अब तक 30 बार आयोजित हो चुके हैं ओलंपिक खेल।
- इस वर्ष पेरिस में हुआ था ओलंपिक खेलों का आयोजन।
- वर्ष-2028 में अमेरिका के लॉस एंजेलिस और वर्ष-2032 में ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में आयोजित होंगे ओलंपिक खेल।

#### मेजबानी के लिए भारत के साथ कई देश भी हैं दावेदार

वर्ष-2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत के अलावा कई देश दावेदार हैं। इनमें सऊदी अरब, कतर, तुर्किए, मैक्सिको, इंडोनेशिया, पोलैंड, दक्षिण कोरिया और मिस्र जैसे देश शामिल हैं। ऐसे में भारत के लिए ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की चुनौती आसान नहीं होगी।

### आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्वकप में खेलेगा भारत

**लुसाने,** भारतीय टेबल टेनिस टीम इस वर्ष आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्वकप में हिस्सा लेगी। टूर्नामेंट में भारतीय टीम 15 अन्य देशों के साथ गुओलियांग सोर्लिंग ट्रॉफी के लिए आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्वकप के दूसरे चरण में शिरकत करेगी। अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) ने चीन के चेंगदू में एक से आठ दिसंबर तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 16 टीमों का ऐलान किया। टूर्नामेंट में चीन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चीनी ताइपे, मिस्र, फ्रांस, जर्मनी, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, पोलैंड, रोमानिया, सिंगापुर, स्वीडन और अमेरिका की टीमें भी हिस्सा लेंगी।

### जैक ड्रेपर ने जीता वियना ओपन का खिताब

**विएना,** ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर विएना ओपन के चैम्पियन बन गए हैं। ड्रेपर ने टूर्नामेंट के फाइनल में कारेन खाचनोव को लगातार सेटों में 6-4, 7-5 से हराया। मैच के पहले सेट में ड्रेपर ने आसानी से जीत दर्ज की, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें खाचनोव से कड़ी टक्कर मिली। यह ड्रेपर के टेनिस कॅरियर का पहला एटीपी 500 खिताब है। ड्रेपर इस सत्र में स्टटगार्ट ओपन जीत चुके हैं, लेकिन यह एटीपी 250 टाइटल था। खिताबी जीत दर्ज करने के बाद ड्रेपर ने कहा कि कॅरियर का सबसे बड़ा खिताब जीतना अविश्वसनीय लगता है।

## चिराग चिकारा ने विश्व चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण पदक



**तिराना,** भारतीय पहलवानों ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल नौ पदक अपने नाम किए हैं, इनमें एक स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में भारत के चिराग चिकारा ने स्वर्ण पदक हासिल किया। चिराग पुरुषों की 57 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा में चैम्पियन बने। स्पर्धा के फाइनल में चिराग ने किर्गिस्तान के आब्दिमलिक काराचोव के खिलाफ 4-3 से रोमांचक जीत दर्ज की।

इस मुकाबले में दोनों पहलवानों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। काराचोव ने चिराग को कड़ी टक्कर दी और अपने दांव पेच में उलझाए रखा, लेकिन चिराग ने अंतिम क्षणों में महत्वपूर्ण अंक बटोर कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ज्ञात रहे कि चिराग ने फाइनल में पहुंचने से पहले प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

चिराग ने प्री-क्वार्टर फाइनल में गौकोटो ओजावा को 6-1 से हराया, इसके बाद क्वार्टर फाइनल में इयुनुस इवबातीरोव को 12-2 तथा सेमीफाइनल में एलन ओरलबेक को 8-0 से हराया।

- **चिराग अंडर-23 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय पहलवान हैं।**
- **चिराग से पहले अमन सहरावत (2022) और रितिका हुडा (2023) स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।**
- **पहलवान रवि कुमार दाहिया ने वर्ष 2018 में रजत पदक जीता था।**
- **प्रतियोगिता में भारतीय महिला पहलवानों ने चार कांस्य पदक जीते हैं।**

### झेंग किन्वेन ने जीता पैन पैसिफिक ओपन

**टोक्यो,** चीन की महिला टेनिस खिलाड़ी झेंग किन्वेन ने पैन पैसिफिक ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीत लिया है। टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग के फाइनल में किन्वेन ने अमेरिका की सोफिया केनिन को 7-6(5), 6-3 से हराया। फाइनल मुकाबले का पहला सेट काफी रोमांचक रहा। पहले सेट में सोफिया ने किन्वेन को जबरदस्त टक्कर दी। यह सेट टाइब्रेकर में गया, टाइब्रेकर में किन्वेन ने एक बार फिर शानदार खेल दिखाया और सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में किन्वेन ने 6-3 के अंतर से आसान जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

### ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मैथ्यू वेड ने लिया संन्यास

**सिडनी,** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर और बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। वेड वर्ष-2021 में आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। वेड ने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप-2024 में भारत के खिलाफ खेला था।

## भारतीय मुक्केबाज मनदीप ने जीता सुपर फेदरवेट विश्व खिताब

**केमैन आइलैंड्स,** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने ब्रिटेन के कोनोर मैकिंटोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ (डब्ल्यूबीएफ) का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब जीत लिया है। मनदीप यह खिताब जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए हैं। डब्ल्यूबीएफ विश्व खिताब के लिए खेले गए मुकाबले में मनदीप शुरुआत से अपने प्रतिद्वंद्वी पर हावी रहे। मनदीप के जोरदार पंच का जवाब ब्रिटिश मुक्केबाज के पास नहीं था। मुकाबले में मनदीप ने 10 राउंड तक अपनी सहनशक्ति बनाए रखी, वहीं मैकिंटोश को गति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। हालांकि मैकिंटोश ने मुकाबले में वापसी करने की कोशिश की लेकिन मनदीप ने बेहतरीन डिफेंस कर मुकाबला अपने नाम किया। जीत दर्ज करने के बाद मनदीप ने कहा कि यह मेरे कॅरियर की सबसे बड़ी जीत है। मैंने इसे हासिल करने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की है। उल्लेखनीय है कि मनदीप ने अपने पेशेवर कॅरियर में 12 फाइट लड़ी हैं, इनमें से 11 में वे जीते हैं, जबकि एक में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### ब्राजील करेगा फीफा महिला विश्वकप की मेजबानी

**साओ पाउलो,** ब्राजील वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले फीफा महिला विश्वकप की मेजबानी करेगा। इस विश्वकप की मेजबानी के लिए ब्राजील के अलावा बेल्जियम, नीदरलैंड्स, जर्मनी, अमेरिका, मैक्सिको और दक्षिण अफ्रीका ने बोली लगाई थी। हालांकि अमेरिका और मैक्सिको ने अप्रैल 2024 में नाम वापस ले लिया था। यह पहला अवसर है जब कोई दक्षिण अमेरिकी देश फीफा महिला विश्वकप की मेजबानी करेगा। अब तक नौ बार फीफा महिला विश्वकप का आयोजन हो चुका है। अमेरिका ने 4 बार, जर्मनी ने 2 बार तथा नॉर्वे, जापान और स्पेन ने एक-एक बार यह विश्वकप जीता है।

## स्पेन के रोड्री ने जीता बेलोन डिओर अवॉर्ड

**पेरिस,** स्पेन के दिग्गज फुटबॉल रोड्रिगो हर्नांडिज (रोड्री) ने फुटबॉल का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार बेलोन डिओर अवॉर्ड जीत लिया है। मैनचेस्टर सिटी के लिए मिडफील्ड में खेलने वाले रोड्री ने इस पुरस्कार की रेस में रियल मैड्रिड के ब्राजीलियन स्टार विनिसियस जूनियर, दानी कार्वाजल और इंग्लिश फुटबॉलर जूड बेलिंघम को पछाड़ा।

रोड्री ने पहली बार यह पुरस्कार जीता है। इस सत्र में रोड्री का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है। रोड्री ने मैनचेस्टर सिटी को प्रीमियर लीग चैम्पियन बनाने के साथ स्पेन को यूएफा यूरोपा का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। रोड्री वर्ष 1960 के बाद यह अवॉर्ड जीतने वाले पहले स्पेनिश खिलाड़ी बन गए हैं। वर्ष 1960 में स्पेन के लुइस सुआरेज मिरामोंटेस विजेता बने थे।



- **लियोनल मेसी ने आठ बार और क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पांच बार जीता है बेलोन डिओर अवॉर्ड।**
- **रोड्री को यूरो कप-2024 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था।**
- **स्पेनिश क्लब रियल मैड्रिड को क्लब ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला।**

#### महिला वर्ग में बोनामाती बनीं विजेता

महिला वर्ग में भी बेलोन डिओर पुरस्कार स्पेनिश खिलाड़ी के नाम रहा। स्पेनिश क्लब बार्सिलोना के लिए खेलने वाली ऐटाना बोनामाती को महिला वर्ग में बेलोन डिओर पुरस्कार से नवाजा गया। बोनामाती ने लगातार दूसरी बार यह अवॉर्ड हासिल किया है। बोनामाती की अगुआई में स्पेन ने फीफा महिला विश्वकप जीता, वहीं बार्सिलोना ने स्पेनिश लीग ला लीगा, स्पेनिश कप और यूएफा चैम्पियंस लीग का खिताब जीता था। बोनामाती ने दो बार यह पुरस्कार जीतकर एलेक्सिया पुटेलस की बराबरी की।

## पेरिस मास्टर्स | ज्वेरेव ने पहली बार जीता खिताब

**पेरिस,** जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट जीत लिया है। ज्वेरेव ने पहली बार इस खिताब पर कब्जा जमाया है। टूर्नामेंट के फाइनल में ज्वेरेव ने फ्रांस के यूगो हम्बर्ट को आसान मुकाबले में 6-2, 6-2 से हराया। सेमीफाइनल में रूस के कारेन खाचनोव को कड़े मुकाबले में हराने वाले हम्बर्ट फाइनल मैच में अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। फाइनल मैच में ज्वेरेव ने शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाया जो अंत तक कायम रखा। ज्वेरेव ने पहले सेट में हम्बर्ट को आसानी से 6-2 से हरा दिया। दूसरे सेट में हम्बर्ट ने वापसी की कोशिश की, लेकिन ज्वेरेव ने लगातार अंक बटोर कर दूसरा सेट भी 6-2 से जीत लिया।



- **ज्वेरेव के टेनिस कॅरियर का यह सातवां एटीपी मास्टर्स-1000 खिताब है।**
- **ज्वेरेव वर्ष 1992 के बाद पेरिस मास्टर्स खिताब जीतने वाले पहले जर्मन खिलाड़ी हैं।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

# सामयिकी

• उत्तर कोरिया ने •

## बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया

उत्तर कोरिया ने सफलतापूर्वक इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल का टेस्ट किया है। ये लॉन्च किसी भी उत्तर कोरियाई



मिसाइल के लिए अब तक का सबसे लंबा उड़ान समय हासिल करने में सफल रहा है। उत्तर कोरिया ने यह परीक्षण अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान से ठीक पहले किया। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने कहा था कि उत्तर कोरिया अमेरिकी चुनाव के आसपास आईसीबीएम लॉन्च प्लान कर रहा है। उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण पर अमेरिका ने कड़ा एतराज जताया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ का कहना है कि मिसाइल को 'राइज्ड एंगल यानी उभरे हुए कोण' पर दागा गया और इसने 1,000 किलोमीटर (620 मील) की दूरी तय की। जापानी अधिकारियों ने बताया है कि मिसाइल ने 86 मिनट तक उड़ान भरी और तकरीबन 7,000 किलोमीटर (4,350 मील) की ऊंचाई तक पहुंची।

## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट से हुई मौत

इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट के चलते कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है। इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने यह जानकारी दी है। ये ज्वालामुखी विस्फोट दूरदराज के द्वीप आइसलैंड ऑफ फ्लोर्स में हुए हैं। ये ज्वालामुखी विस्फोट बीते हफ्ते से हो रहे हैं। इसके चलते हवा में दो हजार मीटर ऊंचाई तक राख देखी जा रही है, जिससे आसपास के गांवों में हालात खराब हैं और इन गांवों में कई मकान तबाह हो गए हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के केवड़िया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में हुए शामिल

# पिछले 10 वर्षों में सुशासन व्यवस्था के नए मॉडल ने भेदभाव की हर गुंजाइश को खत्म कर दिया है - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के केवड़िया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष का एकता दिवस और भी विशेष है, क्योंकि आज से सरदार पटेल की 150वीं जयंती का वर्ष शुरू हो रहा है। अगले 2 वर्षों तक देश सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाएगा। यह भारत के लिए उनके असाधारण योगदान के प्रति देश की श्रद्धांजलि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दो वर्षों का यह उत्सव ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा और यह अवसर हमें असंभव कार्यों को कैसे कड़ी मेहनत और लगन से संभव किया जा सकता है इसकी प्रेरणा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने आक्रमणकारियों को खदेड़ने के लिए सभी को एकजुट किया। महाराष्ट्र का रायगढ़ किला आज भी वह कहानी कहता है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ किला सामाजिक न्याय, देशभक्ति और राष्ट्र प्रथम के मूल्यों की पावन भूमि रही है। प्रधानमंत्री ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज ने रायगढ़ किले में राष्ट्र के विभिन्न विचारों को एक उद्देश्य के लिए एकजुट किया था।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह परेड की सलामी लेते हुए।

- राष्ट्र को एकजुट करने में सरदार पटेल का अमूल्य योगदान।
- भारत उनके दृष्टिकोण और राष्ट्र के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से प्रेरित है।
- सरदार पटेल का 150वां जयंती वर्ष अगले 2 वर्षों तक पूरे देश में मनाया जाएगा।
- हमारे आदिवासी भाई-बहनों को विकास के साथ बेहतर भविष्य का विश्वास मिला है।

### गांवों से एकत्र किए गए लोहे और मिट्टी से बनाया

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने एकता और अखंडता को मजबूत करने में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यह प्रतिबद्धता विभिन्न सरकारी प्रयासों में स्पष्ट है, जिसका उदाहरण एकता नगर और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी है। उन्होंने कहा कि यह स्मारक न केवल नाम से बल्कि अपने निर्माण में भी एकता का प्रतीक है, क्योंकि इसे देशभर के गांवों से एकत्र किए गए लोहे और मिट्टी से बनाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एकता नगर में एकता नर्सरी, हर महाद्वीप की वनस्पतियों वाला विश्व वन, देशभर के स्वस्थ खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देने वाला चिल्ड्रन न्यूट्रीशन पार्क, विभिन्न क्षेत्रों से आयुर्वेद को उजागर करने वाला आरोग्य वन और एकता मॉल है, जहां देशभर के हस्तशिल्प को एक साथ प्रदर्शित किया जाता है।

### भारत में एकता की भावना मजबूत हो

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक सच्चे भारतीय होने के नाते हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम देश की एकता की दिशा में किए गए हर प्रयास का जश्न मनाएं। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मराठी, बंगाली, असमिया, पाली और प्राकृत को शास्त्रीय दर्जा देने का सभी ने स्वागत किया है और यह राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है। भाषा के साथ-साथ, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में रेल नेटवर्क का विस्तार, लक्षद्वीप और अंडमान-निकोबार तक हाई-स्पीड इंटरनेट की पहुंच और पहाड़ी क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क जैसी कनेक्टिविटी परियोजनाएं ग्रामीण और शहरी विभाजन को पाट रही हैं। यह आधुनिक बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करता है कि कोई भी क्षेत्र पीछे न छूटे, जिससे पूरे भारत में एकता की भावना मजबूत हो।

### देशभक्ति की भावना की प्रशंसा की

प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा, पहली बार जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने भारतीय संविधान के तहत शपथ ली, जो भारत की एकता के लिए एक प्रमुख उपलब्धि है। उन्होंने अलगाववाद और आतंकवाद को नकारने और भारत के संविधान और लोकतंत्र के साथ खड़े होने के लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों की देशभक्ति की भावना की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास दूरदृष्टि, दिशा और दृढ़ संकल्प है। यह एक ऐसा भारत है जो मजबूत, समावेशी, संवेदनशील, सतर्क, विनम्र और विकास के पथ पर भी अग्रसर है। यह शक्ति और शांति दोनों के महत्व को समझता है।

# लंबी रेंज की मिसाइल के इस्तेमाल की इजाजत न मिलने से नाराज हुए जेलेंस्की

यूक्रेन और रूस के युद्ध के बीच उत्तर कोरिया ने अपने 10 हजार सैनिकों को रूस के सैनिकों के साथ तैनात किया है। जिसमें से करीब 8 हजार सैनिक कुर्स्क क्षेत्र में तैनात किए गए हैं। इसे लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती को देखते हुए यूक्रेन को रूस में लंबी दूरी तक मार करने की क्षमता वाली मिसाइल दागने के लिए अपने सहयोगी देशों की अनुमति की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा,



"हम उन सभी जगहों पर अपनी नजर बनाए हुए हैं जहां रूस ने उत्तर कोरियाई सैनिकों को अपने क्षेत्र में बनाए सभी शिविरों में इकट्ठा किया हुआ है। अगर हमारे पास लंबी दूरी तक हमला करने की क्षमता होती तो हम हमला कर सकते थे।

### अमेरिका ने यूक्रेन को दिया सैन्य सहायता पैकेज

रूस-यूक्रेन युद्ध में उत्तर कोरिया के सैनिकों की तैनाती की पुष्टि के बाद अमेरिका ने यूक्रेन को 425 मिलियन डॉलर की सैन्य सहायता पैकेज मुहैया कराया है। इसके तहत सैन्य सहायता पैकेज में विभिन्न तरह के मिसाइल सिस्टम, आर्टिलरी के लिए गोला-बारूद, जैवलिन और एटी-4 एंटी आर्मर सिस्टम, हाई मोबिलिटी के आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम के लिए गोला-बारूद समेत कई तरह के हथियार शामिल हैं।

## सीडीएस ने किया अल्जीरियाई संग्रहालय का भ्रमण

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने अल्जीरियाई केंद्रीय संग्रहालय का दौरा किया। इस संग्रहालय में उपनिवेशवाद के खिलाफ मुक्ति के लिए पीपुल्स नेशनल आर्मी के संघर्ष को सहेजा गया। सीडीएस चौहान भारत और अल्जीरिया के बीच द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को मजबूत करने के लिए अल्जीरिया की अपनी पहली यात्रा पर थे। यह दोनों देशों के द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीडीएस चौहान ने अल्जीरिया के सैन्य इतिहास के असाधारण प्रदर्शन की सराहना की।

# रूस ने गूगल पर लगाया भारी जुर्माना

अमेरिकी बहुराष्ट्रीय टेक्नोलॉजी कंपनी गूगल इंटरनेट से जुड़ी कई सेवाएं प्रदान करती है। इसे मुख्य रूप से एक सर्च इंजन के रूप में जाना जाता है। गूगल ने भले ही लोगों की जिंदगी को कितना भी आसान क्यों न बनाया हो लेकिन वैश्विक स्तर पर इसे कई बार भारी जुर्माने का सामना करना पड़ा है। पिछले दस वर्षों में, इस पर विभिन्न देशों द्वारा लगभग 14 अरब डॉलर के जुर्माने लगाए गए हैं। हालांकि, रूस में गूगल पर बकाया जुर्माने की राशि एक चौंकाने वाली संख्या तक पहुंच गई है।

रूसी सरकारी मीडिया आउटलेट आरबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, गूगल पर रूस में करीब 2 अनडिसिलियन रूबल (अमेरिकी डॉलर में 2.5 डेसिलियन) का जुर्माना बकाया है। एक अनडिसिलियन में 66 शून्य होते हैं, जो मौजूदा वैश्विक जीडीपी से कहीं अधिक है। सीधे शब्दों में कहें तो धरती पर मौजूद



ज्ञात संपत्ति से कहीं ज्यादा ये जुर्माना है।

उल्लेखनीय है कि यह मामला करीब चार साल पहले शुरू हुआ, जब गूगल ने यू-ट्यूब से क्रेमलिन समर्थक और सरकार-नियंत्रित मीडिया चैनलों जैसे त्सारग्राद टीवी और आरआईए फैन के अकाउंट हटा दिए थे। गूगल का कहना था कि इन अकाउंट ने प्रतिबंधात्मक कानून और व्यापार नियमों का उल्लंघन किया है। इसके बाद, मॉस्को कोर्ट ने आदेश दिया कि गूगल इन चैनलों के अकाउंट को बहाल करे, और इस आदेश का पालन न करने पर 100,000 रूबल का दैनिक जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया।

वर्ष 2022 में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद स्थिति और अधिक गंभीर हो गई। यू-ट्यूब ने रूस के अन्य सरकारी मीडिया चैनलों जैसे NTV, रूस 24, RT और स्पुतनिक के अकाउंट को भी बंद कर दिया, जिससे रूस के 17 टीवी चैनलों ने गूगल के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए। इसके परिणामस्वरूप, जुर्माने की राशि हर दिन बढ़ने लगी।

2022 में गूगल की रूसी इकाई गूगल एलएलसी ने रूस में अपने वित्तीय संकट के कारण दिवालिया घोषित करने के लिए आवेदन किया था। उस समय तक, कंपनी पर 19 अरब रूबल का कर्ज हो गया था, जबकि देश में उसके पास केवल 3.5 अरब रूबल की संपत्ति थी। हाल, ही में गूगल ने रूस में नए अकाउंट के निर्माण पर रोक लगाई है और इससे पहले एडसेंस अकाउंट को डीएक्टिवेट कर दिया।

# गांधी का शांति और सद्भाव का संदेश दुनिया भर में गूंजता है : विदेश मंत्री

विदेश मंत्री एस जयशंकर पांच दिवसीय यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया गए थे। उन्होंने ब्रिस्बेन के रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। साथ ही भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन भी किया। श्री जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गांधी जी के आदर्श दुनिया भर में गूंजते रहते हैं। यह उन्होंने एक्स पर कहा, ब्रिस्बेन के रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शांति और सद्भाव का उनका संदेश दुनिया भर में गूंजता है।' उन्होंने तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर कहा, 'आज ब्रिस्बेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का औपचारिक रूप से उद्घाटन करते हुए मुझे खुशी हो रही है। यह क्वींसलैंड राज्य के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने, व्यापार को बढ़ावा देने, शैक्षिक संबंधों



को बढ़ावा देने और प्रवासी समुदाय की सेवा करने में योगदान देगा। उन्होंने ब्रिस्बेन में क्वींसलैंड की राज्यपाल जीनेट यंग के साथ मुलाकात पर कहा, 'क्वींसलैंड राज्य के साथ आर्थिक, व्यापार और निवेश सहयोग को मजबूत करने के अवसरों और तरीकों पर चर्चा की। इससे पहले, श्री जयशंकर ने टोंगा साम्राज्य को उनके राष्ट्रीय दिवस पर शुभकामनाएं भी दीं।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।